



MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 202 | ग्वालियर, सोमवार 1 अप्रैल 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### बीजेपी ने पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर को दिया टिकट



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने इस बार कई मौजूदा सांसदों का टिकट काट दिया. वहीं कई ऐसे चेहरों पर भी पार्टी ने दाव लगाया है जो पूर्व में प्रशासन अधिकारी रहे हैं. इनके अलावा विपक्षी पार्टियों से बीजेपी में शामिल हुए कई दिग्गज नेताओं पर भी बीजेपी ने भरोसा जताया है. इन्हीं में से एक हैं पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर. बता दें कि आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर पश्चिम बंगाल कैडर के अधिकारी रहे हैं. जिन्हें ममता बनर्जी की सरकार ने निलंबित कर दिया. इसके बाद बीजेपी ने उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया. इनके अलावा डॉ. प्रणत टुडू को भी बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया है. उन्हें अपना इस्तीफा सौंपने के बाद राज्य सरकार के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी थी. बता दें कि पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी देबाशीष धर को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी-प्रशासन ने निलंबित कर दिया था और फिर अनिवार्य प्रतीक्षा में डाल दिया था. बीजेपी की ओर से शनिवार को जारी की गई उम्मीदवारों के नाम की आठवीं सूची में देबाशीष के नाम का भी ऐलान किया गया. बीजेपी ने उन्हें बीरभूम से अपना लोकसभा उम्मीदवार बनाया है. जबकि प्रणत झारग्राम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व चिकित्सा अधिकारी (रेडियोलॉजी) टुडू को पार्टी ने झारग्राम से चुनावी मैदान में उतारा है. बता दें कि बीजेपी ने पूर्व आईपीएस अधिकारी देबाशीष धर को जिस बीरभूम जिले से अपना प्रत्याशी बनाया है, उस सीट से टीएमसी के टिकट पर शताब्दी रॉय लगातार तीन बार से चुनाव जीतती रही हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि इस सीट से देबाशीष के लिए चुनाव जीतना आसान नहीं है. जबकि प्रणत टुडू को सथाली लेखक और पद्म श्री पुरस्कार विजेता कालीपद सोरेन के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा गया है. बता दें कि बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से अब तक 40 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है. जबकि पार्टी ने अभी तक दो सीटों- डायमंड हार्बर और आसनसोल के लिए किसी उम्मीदवार के नाम की घोषित नहीं की है. वहीं टीएमसी ने डायमंड हार्बर से मौजूदा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को उम्मीदवार बनाया है.

### भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें

## मोदी पर चाहे जितने भी हमले करो ये मोदी है, रुकने वाला नहीं : पीएम

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है. भारत में इस बार सात चरणों में चुनाव संपन्न होंगे. पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि नतीजे 04 जून को आएंगे. अब चूंकि चुनाव के ज्यादा दिन शेष नहीं बचे हैं, ऐसे में राजनीतिक दलों ने अपने चुनाव-प्रचार में पूरी जान फूंक दी है. भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत सभी दल अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं. इस क्रम में आज जहां विपक्षी दलों के संगठन इंडिया ने दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ महारैली की, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ऐतिहासिक नगरी मेरठ में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं.



इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरठ की धरती ने चौधरी चरण सिंह जी जैसे महान सपूत दिए हैं. हमारी सरकार को उन्हें भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला है. मैं चौधरी चरण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है. 2024 का चुनाव... विकसित भारत बनाने के लिए है. 2024 का जनादेश भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाएगा. पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार तीसरे कार्यकाल की तैयारी में अभी से जुट गई है. हम आने वाले पांच साल का रोडमैप बना रहे हैं. पहले 100 दिनों में हमें कौन-कौन से बड़े फैसले लेने हैं, इस पर तेजी से काम चल रहा है. बीते 10 वर्षों में तो आपने विकास का ट्रेलर ही देखा है, अभी तो हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है. ये मोदी गरीबी से तप कर आज यहां पहुंचा है और इसलिए हर गरीब का दुख, हर गरीब की पीड़ा, हर गरीब की तकलीफ... मोदी भली-भांति समझता है. इसलिए मैंने गरीब की हर चिंता को दूर करने के लिए योजनाएं बनाई. हमने गरीब को सिर्फ सशक्त ही नहीं किया है, बल्कि हमने गरीब को उसका स्वाभिमान लौटाया है. प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं अपने देश को भ्रष्टाचारियों से बचाने के लिए एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ रहा हूं. इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं. सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही है. प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, मोदी पर चाहे जितने भी हमले करो, ये मोदी है, रुकने वाला नहीं है. भ्रष्टाचारी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, एक्शन होगा और जरूर होगा. जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा. आज कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है. तमिलनाडु में भारत के समुद्री तट से कुछ दूर, श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच में एक द्वीप है कच्छतीवु. देश आजाद हुआ तब ये द्वीप हमारे पास था, लेकिन कांग्रेस ने 4-5 दशक पहले मां भारती का एक अंग काट दिया और भारत से अलग कर दिया.

## ईडी ने अरविंद केजरीवाल के फोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल को लिखा खत



नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल ईडी की रिमांड में हैं। अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ जारी है। इस सबके बीच सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरविंद केजरीवाल के यहां से जब्त किए गए उनके फोन और डिजिटल डिवाइसेज का एक्सेस ईडी हासिल नहीं कर पाई है। सूत्रों की मानें तो ईडी केजरीवाल से बार-बार इन डिवाइसेज का पासवर्ड बताने को कह रही है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल पासवर्ड बताने से इनकार कर रहे हैं। ऐसे में सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि ईडी ने केजरीवाल के आवास से बरामद 4 आईफोन को अनलॉक करने के लिए एप्पल से खत के जरिए संपर्क किया है। वहीं, एप्पल की तरफ से ईडी को जवाब दिया गया है कि वह इन फोन का पासवर्ड का पता लगे बिना नहीं खोल सकते हैं और ऐसे में इन फोन का डाटा मिलना बेहद मुश्किल होगा। ईडी ने जब केजरीवाल को 21 मार्च की रात उनके आवास से गिरफ्तार किया था तो उनके आवास से 4 फोन भी बरामद किए थे। इसके साथ ही केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का फोन भी ईडी ने जब्त किया था। ऐसे में कोर्ट में ईडी ने बताया था कि केजरीवाल की पत्नी के फोन का एक्सेस मिल गया है और उसका डाटा निकाल लिया गया है। लेकिन, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं बता रहे हैं। वहीं, अरविंद केजरीवाल दावा कर रहे हैं कि ईडी उनके फोन का एक्सेस लेकर उनकी चुनावी रणनीति और गठबंधन से संबंधित डाटा हासिल करना चाहती है। यही बात आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने भी मीडिया के सामने कही थी।

### जनता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी है : शी चिनफिंग

बीजिंग। 1 अप्रैल को प्रकाशित होने वाली छ्यो शी पत्रिका के सातवें अंक में सीपीसी केंद्रीय कमेटी के महासचिव और राष्ट्रपति शी चिनफिंग का एक अहम आलेख जारी किया जाएगा, जिसका शीर्षक है कि जनता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी है। इस आलेख में बल दिया गया कि जनता इतिहास की रचयिता है। जनता सच्ची वीर है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी जनता से आयी है और जनता की सेवा करती है। पार्टी का आधार और शक्ति जनता में है। बेहतर जीवन के प्रति जनता की आकांक्षा तो हमारे संघर्ष का लक्ष्य है। सीपीसी सदस्यों की प्रारंभिक आकांक्षा और कर्तव्य चीनी जनता को सुख दिलाना और चीनी राष्ट्र का पुनरोत्थान पूरा करना है। यही प्रारंभिक आकांक्षा और कर्तव्य सीपीसी सदस्यों के निरंतर बढ़ने की मूल प्रेरणा है। इस आलेख में कहा गया कि सीपीसी के सभी कार्य जनता के मूल हितों की सुरक्षा और विकास करना है। इस आलेख में कहा गया कि शक्तिशाली आधुनिक समाजवादी देश का निर्माण पूरा करने के लिए जनता निर्णायक शक्ति है।

## अरविंद केजरीवाल एक सोच का नाम: सीएम

**नई दिल्ली।** रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की महारैली हुई. इस रैली में विपक्षी दलों के तमाम नेता शामिल हुए. आम आदमी पार्टी ने इस रैली को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में बताया. तो वहीं कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र बचाओ रैली नाम दिया. रैली में शामिल होने के लिए आए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं का शुक्रिया, जिन्होंने केजरीवाल जी के जेल जाने के बाद हमारा हौसला बढ़ाया. उन्होंने कहा कि ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है. यह देश 140 करोड़ लोगों का देश है. आजादी भगत सिंह, चंद्रशेखर जैसे क्रांतिकारियों ने दिलाई है. किसी को जेल भेज दो किसी के खाते फ्रीज कर दो. इंडिया गठबंधन के दौरान भगवंत मान ने कहा कि, ये आज़ादी हमें भगत सिंह, चन्द्रशेखर आज़ाद ने दी. इस आज़ादी के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी. ये आज़ादी किसी की बाप की जागीर नहीं है. भगवंत मान ने आगे कहा कि, ÷मालिक देश की 140 करोड़ जनता हैं. सुनीता केजरीवाल, कल्पना जी यहां हैं, सोनिया गांधी यहां हैं. उन्होंने अपने जीवन में सब कुछ देखा है. भगवंत मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर लोगे, लेकिन उसकी सोच को गिरफ्तार कैसे करोगे, जो लाखों अरविंद केजरीवाल देश में पैदा हो चुके हैं उनके जेल में कैसे कैद करोगे. भगवंत मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कोई एक व्यक्ति नहीं है अरविंद केजरीवाल एक सोच का नाम है. पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा कि इंडिया गठबंधन इकट्टे हैं हम सब इकट्टे हैं. मेरे खयाल से तो कईयों के कैमरे भी कांपने लगे होंगे कि ये इकट्ठे कैसे बैठ गए. ये चाहते नहीं हैं कि हम इकट्ठे बैठें.



## गुरुवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने पूरी तरह से तैयारियों में जुटी हुई है. बीजेपी के स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम सबसे ऊपर है. पीएम मोदी आज पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ से चुनावी शंखनाद करेंगे. इसी के साथ पीएम मोदी देशभर में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियों को संबोधत करेंगे. बीजेपी ने पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए भी पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को स्टार प्रचारक बनाया है. जहां 6 अप्रैल को गृह मंत्री राजनाथ सिंह पूर्वोत्तर के दौरे पर पहुंचेंगे और वहां चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार अप्रैल यानी गुरुवार को पश्चिम बंगाल पहुंचेंगे. जहां वह कूच बिहार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से कांग्रेस पर निशाना साधा. पीएम मोदी ने 1974 में इंदिरा गांधी सरकार के कार्यकाल के दौरान कच्चातीवू द्वीप श्रीलंका को देने के लिए कांग्रेस पार्टी पर कड़ा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि इससे लोगों में गुस्सा है और उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं किया जा सकता. प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर अपने शासन के वर्षों के दौरान भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करने का आरोप लगाया. पीएम मोदी ने एक ट्वीट कर कहा कि, आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाले नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने निर्दयतापूर्वक कच्चाथीवू को छोड़ दिया.

### जम्मू-कश्मीर के पहलगाम टूरिस्ट रिजॉर्ट में सड़क हादसे में पैदल जा रहे व्यक्ति की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम टूरिस्ट रिजॉर्ट में रविवार को एक वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग पदयात्री की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, मृतक की पहचान गुलाम कादिर वानी (60) के रूप में हुई है। वानी को पहलगाम के बटकूट इलाके में एक वाहन ने टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया, उसे एक अस्पताल ले जाया गया जहां घातक चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। टक्कर मारने वाले वाहन के चालक को हिरासत में ले लिया गया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।


STORME SMART SOLUTIONS

अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह



अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

### रौन टीआई शक्ति यादव का चला डण्डा रौन पुलिस ने अवैध शराब की

# 70 पेटी कीमती 2,80000 रुपये का मसरुका जप्त कर आरोपी को धर दबोचा

**केशब पंडित जी**
**ब्यूरो चम्बल डिबीजन**

भिण्ड... पुलिस अधीक्षक असित यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय पाठक के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई कार्यवाही में रौन पुलिस को मिली बड़ी सफलता आज दिनांक को रौन थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मेहरा खुर्द में अवैध शराब की पेटियां रखे हुए है उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मय फोर्स के ग्राम मेहरा खुर्द पहुंचा जहां मुखबिर द्वारा बताये स्थान एक व्यक्ति जो पुलिस की गाडी को देखकर भागने लगा जिन्हें घेरा बंदी कर पकड़ा मुखबिर के बताये स्थान की तलाशी ली गई तो एक स्थान पर 70 पेटी शराब कुल 3500 क्वार्टर देशी कीमती करीब 2 लाख 80000 रुपये मिली बाद निर्माण सामाग्री जप्त की गई उक्त आरोपी पर रौन थाने में अपराध क्र.112/24 के तहत धारा 34(2) आबकारी अधनियम के तहत दण्डनीय होने से कब्जे पुलिस लिया गया उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया जिन्हे जे. आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया गया उक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी रौन शक्ति यादव, उपनिरीक्षक रविन्द्र तोमर, सहायक उपनिरीक्षक सायवर सेल प्रभारी सत्यवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक बलवीर सिंह,प्रधान आरक्षक अरविंद प्रताप, सैलेंद्र सिंह,अजय चौहान,सुनील तोमर, इंद्रवीर परिहार, कौशल सिंह, आरक्षक राहुल तोमर, प्रेम प्रकाश सिंह, नवीन तोमर, कौशल जाट, बिपिन जाट, दीपक राजावत,अभिषेक राजावत, शिवम सेंगर की सराहनीय भूमिका रही ।



## कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं द्वारा पच्छियों के लिए सकोरे रखकर मनाया गया जन्म दिन

भिण्ड /गोरमी भाजपा यूमो ज़िला मिडिया प्रभारी पत्रकार संतोष सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि मेहगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन माननीय राकेश शुक्ला जी द्वारा उनके जन्म दिन पर विनम्र अपील की गई थीं कि जो स्नेही स्वजन व सभी कार्यकर्ता है उनके लिऐ में विनम्रता से अपील करते हुऐ बताना चाहता हूं की लगातार बढ़ती गर्मी में बेजुबान पक्षियों को दाना एवं पानी की काफी दिक्कत होती है ,दाना ,पानी न मिल पाने के कारण कई पक्षी मर भी जाते हैं, ऐसी भीषण गर्मी में मैंने बेजुबान पक्षियों का ध्यान रखते हुए निर्णय लिया है, कि मेरे जन्मदिन पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी आप सब मेरे शुभचिंतक होडिंग्स,बैनर पर पैसा खर्च न करते हुये हमें उपहार स्वरूप पक्षियों को दाना पानी के सकोरे पेड़ों पर टांगकर ,छत,अथवा वालकनी में रख कर शुभकामनाएं दें द्य मंत्री जी की इच्छानुसार गोरमी मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा आज मोहनपुरा वेसंदर जी के यहां कुटरोली ग्राम में गाव सहित ज़िला मिडिया प्रभारी एव बुथ अध्यक्ष संतोष सिंह भदौरिया जी के निवास और किशनपुरा ग्राम में आदरणीय मंत्री राकेश शुक्ला की जन्मदिन पर गांव में जाकर चिड़ियों के लिए पानी रखा वरिष्ठ जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित रहे समाज नेता कमलेश वेशंदर पूर्व सरपंच , सुरेंद्र जैन जी पूर्व जिला मंत्री, मंडल महामंत्री एव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष निर्मल आर्य, किसान मोर्चा जिला महा मंत्री पटेल यादव, समाज सेवी सुरेश सिंह भदौरिया जी, लोकेंद्र गुर्जर जी, युवा नेता शालू गुर्जर जी उपस्थित रहे।







## अखिल भारतीय कवि महाकुंभ वाराणसी में शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे युवा कवि शिवम और पलक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। राष्ट्रीय कवि श्री प्रकाश पटेरिया फैंस क्लब द्वारा वाराणसी (काशी) में दिनांक 01 व 02 अप्रैल को सप्तम अखिल भारतीय महाकुंभ एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ग्वालियर शहर का प्रतिनिधित्व करने के लिए शहर के युवा कवि शिवम सिंह सिसौदिया और पलक सिकरवार को आमंत्रित किया गया है, ग्वालियर शहर के ये दोनों युवा साहित्यकार कार्यक्रम में काव्य पाठ करेंगे और सम्मान प्राप्त करेंगे।कार्यक्रम का आयोजन धर्म संघ शिक्षा मंडल, दुर्गा कुंड, वाराणसी, उत्तरप्रदेश में दिनांक 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से होगा और समापन 2 अप्रैल को होगा।आपको बता दें कि दोनों ही युवा एक मंझे हुए कवि माने जाते हैं।

## खनिजों के अवैध परिवहन/उत्खनन/भण्डारण पर कार्यवाही निरंतर जारी

**खनिज मिट्टी के अवैध उत्खनन/परिवहन करते हुए 01 पोकलेन मशीन एवं 03 डम्पर जप्त, जप्तशुदा वाहनों पर खनिज नियमों के तहत होगी कार्यवाही**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। जिला अंतर्गत खनिजों के अवैध परिवहन/उत्खनन/भण्डारण की रोकथाम हेतु कलेक्टर भिण्ड संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में खनिज विभाग के दल द्वारा मध्य रात्रि में ग्राम बबेडी तहसील भिण्ड में खनिज मिट्टी के अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने से 01 पोकलेन मशीन एवं 02 डम्पर को जप्त कर पुलिस थाना देहात कोतवाली की अभिरक्षा में रखा गया एवं तहसील गोहद अंतर्गत खनिज मिट्टी के अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने से 01 डम्पर पुलिस थाना गोहद की अभिरक्षा में रखा गया। जप्तशुदा वाहनों पर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही जावेगी। खनिजों के अवैध परिवहन/उत्खनन/भण्डारण पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## भाजपा उम्मीदवार का किया सम्मान

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



होसूर। श्री सीरवी समाज बडेर होसूर में कृष्णागिरि जिला के भाजपा उम्मीदवार का शाल माला से स्वागत किया गया। श्री सीरवी समाज होसूर में समाज सेवी सदस्य के पारिवारिक कार्यक्रम में चुनावी यात्रा के दौरान आये भाजपा प्रत्याशी नरसिम्हन ने सभी सीरवी समाज बंधुओं से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की ।अपने संबोधन के दौरान प्रत्याशी ने सीरवी समाज व्यापारी वर्ग की भूरि भूरि प्रशंसा की।इस सभा में प्रत्याशी के साथ स्थानीय भाजपा नेतागण, सीरवी समाज के समस्त सदस्यगण और विशाल संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित थे। जिन्होंने तन मन से भाजपा के पक्ष में वोट कर विजय चिन्ह से संबोधित कर एक बार फिर मोदीराज की आशा प्रकट की। इस अवसर पर तिलोचन्द परिहारिया, तुलसाराम चावडिया, हेमराज गेहलोत, थानाराम गेहलोत सहित समाज के अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

# ढुंढोउत्सव में बिखरी राजस्थानी छटा

### चंग की थाप पर थिरंके कदम





**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**
**संतोष सिंह भदौरिया संवाददाता आल इंडिया**

**हैदराबाद।** सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट अलमासगुड़ा वडेर प्रांगण में शनिवार को बच्चों की ढूंढ, रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। अशोक सुपुत्र छोगाराम चोयल बिऐन रेड्डी नगर वालो के सुपौत्र के डोयटण कार्यक्रम सुबह 11ः15 बजे को सपरिवार सहित पधारकर गाजे बाजे के साथ माताजी को भोग लगाया गया। उसके बाद सीरवी समाज करमनघाट वडेर के गैर संचालक हिरालाल सैणचा एंव कैप्टन राकेश सोलंकी के नेतृत्व में गैर मंडल सदस्य राजस्थानी परिधानों में सजे -धजे वृद्धो ,महिलाओं और बच्चों का समूह और गेर नृत्य मंडली के कलाकारों द्वारा पारंपरिक राजस्थानी गैर नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां के बीच वातावरण गुंजायमान हो गया। गेरिया रंग बिरंगी छतरिया हाथों में लिए एवं पैरो में घुंघरू बाधकर पारंपरिक गैर नृत्य किया। ढोल की थाप पर महिलाओं ने समूह में गोल गेरे ने नृत्य किया। इस मौके पर गैरीयो को डोयटण के परिवार द्वारा माला एंव गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के पदाधिकारी गणं एंव अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, सचिव पुखराज चोयल, पूर्व अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, समाज के सहलाकार महोदय कार्यकारिणी कमेटी मेम्बर ने पधारकर इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभी समाज बन्धुओ के लिए शानदार भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस मौके पर कार्यक्रम में पधारे सभी एंव माताओ बहिनो को डोयटण के परिवार द्वारा गिफ्ट उपवार प्रदान किया गया।

# पुलिस ने चोरी के माल समेत दो चोरों को दबोचा

बिवाँर।स्थानीय पुलिस ने दो चोरों को चोरी के सामान समेत गिरफ्तार किया।मौदहा सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने थाना बिवाँर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि थाना क्षेत्र के धनपुरा गाँव के पंचायत भवन में बीते 27 मार्च को चोरी हुई थी जिसमें एक कंप्यूटर सेट ,इनवर्टर और एक एलसीडी टीवी चोरी हो गए थे।घटना की रिपोर्ट गाँव के प्रधान चंद्रपाल प्रजापति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीते शनिवार के दिन दर्ज कराई थी।बताया कि पुलिस और सर्विलांस टीम की सक्रियता से आरोपियों शैलेन्द्र उर्फ शीलू पुत्र लल्लू और अभिलाष पुत्र हरिचरन प्रजापति को रविवार सुबह धनपुरा मो? से गिरफ्तार किया गया।बताया पूछतांछ के दौरान दोनों ने चोरी कबूली और जिनके पास से चोरी किया गया एलसीडी टीवी ,मॉनिटर -मय स्टैंड ,कीबोर्ड ,माउस ,इनवर्टर ,सीपीयू ,चार्जर और केबिल आदि बरामद की गई।सीओ ने आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले टीम के थाना प्रभारी राकेश सरोज ,एसआई मनोज कुमार शर्मा ,कॉन्टेबल अजीत कुमार और विनीत कुमार की पीठ थपथपाई।वहीं बीते महीनों कस्बा बिवाँर में हुई लगभग दस चोरियों के खुलासे के बारे में जब सीओ से सवाल किया गया तो बहुत सोचते हुए कहा ,उन चोरियों के खुलासे का भी प्रयास किया जा रहा है।बतादें कि बीते महीनों कस्बा बिवाँर व क्षेत्र में ताबड़तोड़ एक दर्जन से अधिक चोरियाँ हो चुकीं हैं ,जिनमें से अभी तक चार का खुलासा हो सका है।






## खाद्य विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता निकाला गया

मनेद्रगढ़ । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार खाद्य विभाग के अधिकारी संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के अन्तर्गत बने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के शासकीय उचित मूल्य के दुकान के संचालकों द्वारा मतदाता जागरूक करने हेतु पैदल रैली निकाली गई। जिसमे एसडीएम लिंगराज सिदार नेश्र सभी को मतदान करने की शपथ दिलायी व भगत सिंह चैक से महात्मा गांधी चैक हजारी होटल तक रैली में शामिल हुए। इस रैली में सहायक खाद्य अधिकारी जतीन देवांगन, तहसीलदार नीरजकांत तिवारी, मनेंद्रग? शहरी क्षेत्र के सभी दुकान संचालक, खोंगापानी व झगड़ाखाड़ नई लेदरी के सभी दुकानों के संचालक सहित खाद्य विभाग के कर्मचारी जागरूकता रैली संचालन में शामिल रहे।

# दबोह में गहोई वैश्य समाज ने मनाई रंगपंचमी





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** नगर दबोह में गहोई वैश्य समाज ने गहोई धर्मशाला में रंग पंचमी का त्योहार बड़े ही धूम धाम से मनाया।जिसमे नगर से गहोई समाज के प्रबुद्ध जनो ने परिवार सहित उपस्थित होकर एक दूसरे को गुलाल और फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया और साथ मे पुष्प होली खेली।माताओ बहनो ने होली गीत भी गाये। यह कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा अंत मे समाज के सभी लोगो के लिए भोज का आयोजन भी रखा था।जिसमे बलराम विजपुरिया, साधुराम कोठारी, गिरजा शंकर पिपरसेनिया, अरविंद गुप्ता, राकेश कोठारी, ओमप्रकाश तरसोलिया, बसंतलाल अमर, बिष्णु दयाल बिलैया, रजनीश पिपरसेनिया, सीताराम सेठ ने अपने विचार रखे। महिला मंडल में सरिता गुप्ता, राजकुमारी गुप्ता,सारिका गुप्ता ने होली की मधुर गीतों की प्रस्तुति दी जिसेसे रंगपंचमी रंग गुलाल फूलों की होली का आनंद गहोई वैश्य समाज ने लिया।

**मुरली मनोहर मन्दिर में मनाई गई रंगपंचमी**-नगर के वार्ड नम्बर 09 में स्तिथ मुरली मनोहर मन्दिर में भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से रंगपंचमी का त्यौहार मनाया गया।जिसमें भजन मंडली के द्वारा भजनों की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई एवम फाग गीत गाये गए।तदोपरांत अंत में अभी को प्रसादी भी वितरित की गई। इस दौरान नगर के वरिष्ठ जन, व्यापारी बन्धु, समाजसेवी, धर्मप्रेमी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# 68 रुपए कीमत वाली आरएफ किट 4156 रुपए में और 10999 रुपए में मिलने वाले जंबो साइज के ऑक्सीजन सिलेंडर को 16900 रुपए में खरीद कर किया गया घोटाला

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** घोटालेबाजों ने 14 उपकरणों की खरीदी मप्र पब्लिक हेल्थ कार्पोरेशन ने रेट से कई गुना ज्यादा कीमत पर खरीदी। यह खुलासा अनूपपुर में साल 2019 से 2022 के बीच खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत खरीदे गए 7 करोड़ के 778 उपकरणों की जांच में हुआ है। इन उपकरणों की खरीदी के ऑर्डर भोपाल के गौतम नगर में रहने वाली पिता-पुत्र और बहुओं की 3 फर्म ने सप्लाई किए वहीं, एक उपकरण की खरीदी कटनी की फर्म से की गई। EOW रीवा ने जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन छ्रस्न्नह्र और ADM सहित 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रीवा EOW की जांच में खुलासा हुआ कि मेसर्स सिन्को इंडिया लिमिटेड इंदौर, मेसर्स साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड और अनुसेल्स कार्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड से 13 प्रकार के उपकरणों की खरीदी की गई। तीनों ही फर्म के संचालक भोपाल के गौतम नगर में रहते हैं। साथ ही फर्म के संचालकों का आपस में रिश्ता पिता-पुत्र और पुत्रवधु (बहू) का है।

**इन 13 घोटालेबाजों को EOW रीवा ने बनाया आरोपी-** 1.डॉ. बीडी सोनवानी, तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अनूपपुर, 2. रामखेलावन पटेल, तत्कालीन स्टोर कीपर, कार्यालय CMHO, अनुपपुर, 3. महेश कुमार दीक्षित, तत्कालीन लेखापाल कार्यालय / CMHO जिला अनूपपुर, 4. बीडी सिंह, तत्कालीन एडीएम अनूपपुर, 5.डॉ. एसआर परस्ते, तत्कालीन सिविल सर्जन/ अनूपपुर मप्र एवं अध्यक्ष क्रय समिति जिला चिकित्सालय, अनूपपुर, 6.डॉ. बीपी शुक्ला मेडिकल विशेषज्ञ एवं बीएमओ / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जैतहरी जिला अनूपपुर एवं, सदस्य क्रय समिति, अनुपपुर, 7. डॉ. डीके कोरी, निश्चेतना विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय/अनूपपुर एवं सदस्य क्रय समिति, अनुपपुर, 8. डॉ. मोहन सिंह, श्याम मेडिकल एवं सदस्य क्रय समिति, अनुपपुर, 9. सुनैना तिवारी, डायरेक्टर मेसर्स साइंस हाउस मेडिकल्स प्राइवेट, गौतम नगर भोपाल, 10. जितेंद्र तिवारी, डायरेक्टर मेसर्स साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड, गौतम नगर भोपाल, 11. अनुजा तिवारी, गौतम नगर, भोपाल, 12. शैलेंद्र तिवारी, गौतम नगर, भोपाल, 13. महेश बाबू शर्मा, गौतम नगर, भोपाल

# अब 30 फीसदी बिलों तक डाल सकेंगे टेंडर शासन को करोड़ों का होगा नुकसान

## वर्तमान वार्षिक मूल्य से 18 फीसदी कम में एलॉट होंगी शराब दुकानें अधिकारियों की ठेकेदारों से मिलीभगत के कारण लगा शासन को झटका

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। शराब समूह के टेंडर में फायदा तलाश रही सरकार को झटका लग गया है। अब अंतिम दिन 30 फीसदी बिलो तक टेंडर स्वीकार करने की छूट दे दी गई है। अब ऐसे में ठेकेदारों को वर्तमान चल रही शराब दुकानों की दरों से 18 फीसदी कम दर पर दुकानें एलॉट होंगी। शासन को करोड़ों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान उठाना पड़ेगा ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से शासन को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

रीवा में शराब दुकानों के वार्षिक मूल्य में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15 फीसदी राशि का इजाफा किया गया था। ठेकेदार लामबंद हुए तो शराब समूहों का नवीनीकरण ही नहीं हुआ। लॉटरी में भी किसी ने हिस्सा नहीं लिया। जिला आबकारी अधिकारियों ने ठेकेदारों से सांठगांठ की उन्हें इंटेंडर में भी शामिल होने से रोका गया। इसके कारण शासन को कदम दर कदम पीछे खींचना पड़ा अंत समय में अब हालात यह हैं कि किसी भी कीमत पर ठेके समूहों को देने के लिए सरकार तैयार है। यही वजह है कि 31 मार्च को बुलाए गए ईटेंडर के लिए वार्षिक मूल्य में 30 फीसदी तक की छूट दे दी गई है। यह छूट इस वर्ष के वार्षिक मूल्य से भी 18 फीसदी कम ही है। ऐसे में फायदा तलाश रही सरकार को 18 फीसदी का नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं ठेकेदार मालामाल हो जाएंगे। उन्हें शराब खरीदने में ड्यूटी का फायदा मिलेगा लेकिन मनमानी दाम पर बेच जरूर सकेंगे। अंतिम दिन 12 शराब समूहों की लगेगी बोली रीवा और मऊगंज जिले के अभी 12 शराब समूह उठने के लिए शेष रह गए हैं। इन शराब समूहों के लिए इंटेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। 31 मार्च को शाम 4 बजे तक ईटेंडर ठेकेदार भर सकेंगे। इसके बाद ईटेंडर खोले जाएंगे। दोनों जिलों की 12 शराब समूहों के लिए ठेकेदार अभी नहीं मिल पाए हैं। अब 30 फीसदी बिलो तक रेट स्वीकार किए जाने की अनुमति मिल गई है। ऐसे में शेष रह गये शराब समूहों के लिए लूट मचनी तय है। हालांकि इस पूरी टेंडर प्रक्रिया में उन ठेकेदारों को घाटा जरूर उठाना पड़ेगा, जिन्होंने पहले ही अधिक दरों पर शराब समूहों का ठेका ले लिया है।

**दो समूह का टेंडर हुआ फाइनल-** शनिवार को 14 शराब समूह के लिए ईटेंडर से ऑफर बुलाया गया था। इसमें सिर्फ दो शराब समूहों के लिए ही निविदा ऑनलाइन सबमिट की गई। शाम 4 बजे के बाद जब निविदा खोली गई तो सिरमौर चौराहा और मनगवां के शराब समूहों के लिए ही ठेकेदार सामने आए। सिंगल टेंडर डाला गया था। इसमें सिरमौर चौराहा शराब समूह का ठेका रमेश मांझी को 18 करोड़ 61 लाख में फाइनल कर दिया गया। इसी तरह मनगवां में आरडी ट्रेडर्स का ठेका 17 करोड़ में फाइनल हो गया है। अब तक 15 शराब समूह उठ गये हैं। शेष दुकानों के लिए अब अंतिम दिन जोर आजमाइश की जाएगी।

**शराब दुकानों में मची रही छूट की लूट-** 1 अप्रैल से शराब दुकानों का ठेका बदल जाएगा। इसके कारण ठेकेदारों ने शराब दुकानों को खाली करने के लिए ऑफर का बोर्ड लगा दिया है। भारी छूट दी जा रही है। इसी छूट का फायदा उठाने के लिए शराब के शौकीनों की शराब दुकानों के बाहर भारी भीड़ लगी रही। अमहिया शराब दुकान के बाहर तो शराब खरीदने वालों की इतनी भीड़ उमड़ी की यहां जाम जैसे हालात बन गए। ऐसी स्थिति बोदाबाग, उरेहट में भी देखने को मिली। शराब के शौकीनों ने सस्ती शराब कई दिनों के हिसाब से ही स्टॉक कर ली है। अब रविवार वित्त वर्ष का अंतिम दिन है। इस दिन भी ऑफर चलेगा। इसका फायदा फिर शराब के शौकीन उठाएंगे और ठेकेदार अधिक से अधिक शराब बेचकर राशि कमाने की कोशिश करेंगे।

# सांसद पर लगाया निष्क्रियता का आरोप, भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए सैकड़ों लोग

शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)

रीवा (पुष्पांजली टुडे)। लोकसभा क्षेत्र रीवा की कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा के समर्थन में आज आधा सैकड़ा से ज्यादा भाजपा नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। इसी प्रकार कई अन्य दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान इन पदाधिकारियो ने सीधे तौर पर कहा कि संसद की निष्क्रियता के चलते रीवा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विकास में ग्रहण सा लगा हुआ है। विकास की आने वाली धनराशि का खुले आम दुरुपयोग किया जा रहा है। उक्त अवसर पर बीजेपी छोड़ते हुए कई नेताओं ने आरोप लगाया है कि यहां पर केवल स्वार्थ सिद्धि के काम हो रहे हैं। इन सभी को सेमरिया क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने सदस्यता ग्रहण कराई, साथ ही ऐसा व्यक्ति की है कि इनके कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी।



इस दौरान सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस का सांसद निर्वाचित होता है तो एक-एक पैसे का सदुपयोग जनता के लिए किया जाएगा। क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सारी धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। वर्तमान की स्थिति बहुत ही गंभीर है। पिछले 10 सालों की स्थितियों का आकलन आप स्वयं कर सकते हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उन्होंने रीवा जिले के लिए कौन सी योजना केंद्र से लाई और उसका फायदा जनता को मिला। इन्होंने कहा कि जब केंद्रीय विद्यालय में सांसद कोटा चलता था तो क्या किसी सामान्य व्यक्ति के एडमिशन की सिफारिश की। श्री मिश्रा ने इस दौरान पूछा है कि वर्तमान सांसद को जनता को यह बताना चाहिए कि उन्होंने विकास के लिए कौन-कौन से काम किए। रीवा जिले की जनता वर्तमान सांसद से रूठ चुकी है और यही कारण है कि भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। इस बार जनता छलावे में आने वाली नहीं है और भाजपा को करारा जवाब देगी।

# कांग्रेस की नामांकन रैली में शामिल होंगे प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तंवर और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी

शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा आगामी 4 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेगी। इस परिपेक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह भंवर एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष दोपहर 12ः00 रीवा पहुंचेंगे एवं श्रीमती नीलम अभय मिश्रा के नामांकन रैली कार्यक्रम में शामिल होंगे। नामांकन पश्चात 1ः00 बजे सतना जाएंगे जहां कांग्रेस प्रत्याशी विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू की नामांकन रैली में शामिल होंगे। तत्पश्चात हेलीकॉप्टर से दोपहर 2ः30 बजे भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

# गोविन्दगढ़ थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल की कार्यवाही गंभीर वारदात की फिराक में धारदार हथियार लेकर घूम रहे एक आरोपी को पुलिस नें अबैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार




रीवा(पुष्पांजली टुडे)। पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर,डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा स्टाफ सहित मु?बिर की सूचना पर डिहिया चौराहा के पास अवैध चाकू लिए घूम रहा आरोपी मृत्युंजय बंसल पिता बैसाखू बंसल उम्र 24 वर्ष निवासी नरसिंहपुर थाना गोविंदगढ़ जिला रीवा के पास एक लोहे का धारदार चाकू लिए घूमते पाए जाने पर से थाना गोविन्दगढ़ रीवा में अपराध क्रमांक 86/2024 धारा 25-क्कआर्म्स एक्ट कायम कर अभिरक्षा में लिया गया (गिरफ्तार )किया गया है सराहनी भूमिका थाना प्रभारी गोविन्दगढ़ शिवा अग्रवाल.स्ढ्ढ संतोषी सिंह सिंह.प्र.आर.गंगा सेन ,प्रधान आरक्षक केमला प्रसाद.आरक्षक उपेन्द्र सिंह.दिवाकर तिवारी आर.विपिन सिंह म.आर शिवानी सिंह।

# लंमे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय अमन सिंह राठौड़ जी व्दारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा, अवैद हथियार, अवैध खनन परिवाहन, अवैध शराब एवं स्थाई वारंटियों की धरपकड, लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जीरो टोलरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देशों के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले जी के निर्देशन एवं सी.एस.पी. महोदय संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में फिजीकल पुलिस को दिनांक 31.03.2024 को रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर प्राप्त हुई कि माननीय न्यायालय शिवपुरी के प्रकरण क्रमांक 362 / 19 धारा 138 एनआईए एक्ट में फरार चल रहे स्थाई वारंटी दीपक खन्ना पुत्र श्यामलाल खन्ना उम्र 35 साल निवासी कमलागंज सब्जी मण्डी के सामने घोसीपुरा शिवपुरी का अपने घर पर है उक्त सूचना पर से स्थाई वारंटी दीपक खन्ना पुत्र श्यामलाल खन्ना उम्र 35 साल निवासी कमलागंज सब्जी मण्डी के सामने घोसीपुरा शिवपुरी को उसके घर से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक निरोध में भेजा गया।

**इनकी रही भूमिका-** उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रजनी सिंह चौहान, सउनि बलवीर सिंह कौरव ,आर. 879 रामजीलाल कुशवाह, आर.71 राजदेव चौधरी, आर. 226 जितेन्द्र धाकड, सैनिक 104 मनोज शर्मा ।

# जिला कांग्रेस ने भाजपा की दमनकारी नीतियों विरोध में शांतिपूर्वक किया धरना प्रदर्शन

मुरैना! आज जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय पर आचार संहिता का पालन करते हुए सभी कांग्रेसजनों ने धरना प्रदर्शन किया । धरना प्रदर्शन लोकतंत्र की हत्यारी भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के खाते फ्रीज करने एवं आयकर विभाग द्वारा 1823 करोड़ की जबरन वसूली के खिलाफ किया गया। उक्त धरना में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा के साथ-साथ अंबाह विधायक देवेंद्र सखवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रक्षपाल सिंह तोमर बाबूजी, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह तोमर, संगठन मंत्री सुभाष सिकरवार, अशोक सिंह भदोरिया, रामहेत पिप्पल ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि केंद्र सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी की दमनकारी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा के तानाशाही रवैया से कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है। हम इन भाजपा की नीतियों को जनता के बीच में ले जायेंगे। इस कृत्य की जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना निंदा करती है । जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस को प्रताड़ित कर कांग्रेस को खत्म करना चाहती है, ऐसी मंशा भारतीय जनता पार्टी की कभी पूरी नहीं होने वाली है। इनके अलावा राधारमण डंडौतिया सभापति नगर निगम मुरैना, भगवान सिंह तोमर, रक्षपाल सिंह तोमर बाबू जी, सुधीर माव?ई सेवादल अध्यक्ष ने भी संबोधित किया गया। मंच का संचालन हरीश पाठक प्रवक्ता शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने किया। उक्त धरना प्रदर्शन में प्रमुख रुप से रामप्रकाश राजोरिया, हरीशंकर शर्मा, रामहेत पिप्पल, मनोज सिकरवार गुर्जा, गजेंद्र सिंधी कार्यकारी अध्यक्ष, किशन पंडित, विशेंद्र तोमर, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, आरिफ पठान, भागचंद यादव, दीपक सोलंकी, अमित सिंह, हरिराम करोरिया, अतेंद्र सिंह, रिंकू पचौरी, सादिक खान, सरदार सिंह तोमर, सुनील सखवार, सतीश सिंह तोमर, मनीष शर्मा एडवोकेट, राजेंद्र सिंह तोमर, वीरेन्द्र सखवार, रामवीर सिंह फौजी, सतीश कुमार सखवार, सुभाष माहोर सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।




# बसपा प्रत्याशी पर फर्जी वीडियो वायरल कराने का आरोप,जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए नोटिस

**धौलपुर।** करौली-धौलपुर संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी विक्रमसिंह पर चुनाव जीतने के लिए सोशल मीडिया प्लेट फार्मों के जरिए फर्जी वीडियो वायरल कराने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू-ट्यूब न्यूज चैनल फार्स्ट ट्रैक न्यूज व एसआर-7 न्यूज के संचालक ने बिना किसी जांच पड़ताल के वीडियो वायरल कर दिया जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा को पत्र लिख जांच कराने की बात कही है।







बता दें कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू-ट्यूब न्यूज चैनल फार्स्ट ट्रैक को 5 मई, 2019 में कोरोना काल में तत्कालीन जिला कलक्टर राकेश जयसवाल ने आगामी आदेश तक प्रतिबंधित कर दिया था। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं लोक सूचना अधिकारी ने आरटीआई कार्यकताह दीपू वर्मा को सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत किए आवेदन के आधार पर फार्स्ट ट्रैक का घोषण पत्र आज तक उपलब्ध नहीं कराया है। जानकार बताते हैं कि सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय में पदस्थापित सहायक जन संपर्क अधिकारी भी अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिबंधित फार्स्ट ट्रैक की मदद कर रहा है। अभिशंसा पर प्रतिबंधित फार्स्ट ट्रैक को सजावटी सरकारी विज्ञापन दिए गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म यू-ट्यूब न्यूज चैनलों पर ये आरोप आम हो गए हैं कि आय का स्त्रोत अनियमित व गैर कानूनी कारोबार करने वाले कारोबारी हैं। वे उन्हें पुलिस एवं जिला प्रशासन की प्रस्तावित एवं कार्रवाईयों से बचाते हुए गोपनीय सूचनाएं देते हैं, जिसके बदले खासी रकम से नवाजा जाता है। मित्तल कॉलोनी के भू कारोबारी और खनिज संपदा का अवैध दोहन एवं परिवहन करने वाले कारोबारियों खास जुड़ाव है। इसके अलावा उन्हें कई अन्य स्त्रोतों से भी खासी रकम मिलती है और प्राईवेट विज्ञापनों का प्रसारण कर जीएसटी की चोरी करते हैं।

**बसपा प्रत्याशी पर यह भी आरोप-** बसपा प्रत्याशी पर यह भी आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक खबरों का प्रसारण कर चुनाव जीतने के लिए एक ग्रुप बनाया है, जिसमें जिले के तमाम पत्रकारों को शामिल किया है। कई पत्रकारों ने पूछे जाने पर बताया कि ग्रुप में शामिल करने के लिए न तो उनकी सहमति ली है और ना ही उन्हें बताया है। वायरल वीडियो में बसपा प्रत्याशी कह रहे हैं कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने देश की आजादी के बाद से आज तक धौलपुर जिले के किसी भी व्यक्ति को उम्मीदवार नहीं बनाया है। जिले के अधिकांश मतदाता उनके पक्ष में मतदान कर संसद में भेजेंगे। प्रत्याशी का यह कथन पूरी तरह भ्रामक है।

**संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा -** करौली-धौलपुर संसदीय क्षेत्र में 8 विधानसभा क्षेत्र समाहित हैं, जिनमें से चार करौली जिले के टोडाभीम, सपोटरा, करौली और हिंडौन तथा चार धौलपुर जिले के राजाखेड़ा, बाड़ी, बसेड़ी और धौलपुर समाहित हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में करीब 19 लाख 71 हजार 44 मतदाता हैं, जिनमें से बात करें जाटव मतदाताओं की तो आठों विधानसभा क्षेत्रों में जाटव मतदाता करीब 2 लाख 25 हजार 27 हैं। उल्लेखनीय है कि विक्रमसिंह पहले पूर्व विधायक बीएल कुशवाह के कामकाज को देखते थे और अब उनकी पत्नी कांग्रेसी विधायक शोभारानी कुशवाह के कामकाज को देखते हैं। संसदीय क्षेत्र में कुशवाह वोटों की तादाद करीब 1 लाख 89 हजार है। बात करें चुनाव जीतने पर होने वाले खर्च की तो 15 से 20 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी और इतने धन की व्यवस्था करना बसपा प्रत्याशी के वश की बात नहीं है। वहीं बहुजन समाज पार्टी का राज्य में ऐसा बड़ा जनाधार नहीं हैं और केन्द्र में भी सरकार गिराने या बनाने में निर्णायक भूमिका निभाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में विक्रमसिंहचुनाव क्यों लड़ रहे हैंड़ राज काफी गहरा है। खुलने में समय लगेगा, लेकिन फौरी तौर पर इतना कहा जा सकता है कि राज गहरा है।

# घर जाते समय रास्ते मैं गिरा मोबाइल रात्रि गस्त के दौरान आरक्षक को मिला, ओनर का पता कर मुन्ना बंजारा का खोया हुआ फोन किसा सुपुर्द

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी-थाना गोवर्धन क्षेत्र मे बूढदा पर गस्त के दौरान दिनांक 30.03.2024 को रोड पर आरक्षक 1052 राघवेन्द्र सिंह एवं आर. 1040 रविन्द्र शाक्य थाना गोवर्धन को एक वीवो कम्पनी का एनड्राईड मोवाईल मिला था फोन से सम्पर्क कर मोवाईल धारक को तलव कर आज दिनांक 31.03.2024 को खोये हुये फोन के धारक मुन्ना बंजारा पुत्र फेरन सिंह बंजारा निवासी उत्ती का पुरा घाटीगांव जिला ग्वालियर को आरक्षक 1052 राघवेन्द्र सिंह एवं आरक्षक 1040 रविन्द्र शाक्य ने थाना गोवर्धन पर सुपुर्द किया। उक्त दोनो आरक्षको की ईमानदारी एवं सवेदनशीलता की मुन्ना बंजारा द्वारा सरहायना की गई एवं अपना मोवाईल प्राप्त कर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संपादकीय

# बॉन्ड पर कोर्ट सख्त

पारदर्शी लोकतंत्र में चुनावी चंदे की शुचिता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए स्टेट बैंक को हीलाहवाली के लिये आड़े हाथों लिया। चीफ जस्टिस डी.वाई.चंद्रचूड़ ने बैंक की तरफ से पेश दिग्गज वकील हरीश साल्वे की हर दलील को खारिज किया। बॉन्ड की जानकारी देने के बाबत और वक्त मांगने की दलील को खारिज करते हुए पांच सदस्यीय पीठ की अगुवाई कर रहे जस्टिस चंद्रचूड़ ने एसबीआई को निर्देश दिया कि वह बारह मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड के खरीददारों और लाभान्वित होने वाले राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी पेश करे। साथ ही 15 मार्च तक चुनाव आयोग इस बारे में डिटेल अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे। ताकि वास्तविक तस्वीर जनता के सामने उजागर हो सके। उल्लेखनीय है कि गत पंद्रह फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। साथ ही स्टेट बैंक को निर्देश दिया था कि गत छह साल से चल रही इस स्कीम के तहत डोनेशन देने वालों और लाभान्वित होने वालों के नामों की जानकारी चुनाव आयोग को छह मार्च तक उपलब्ध कराए। संवैधानिक बैंच ने बैंक को निर्देश दिये थे कि वह बताए कि किस तारीख को यह बॉन्ड किसने खरीदा और कितने का खरीदा और किस तारीख को किस दल ने इसे भुनाया और यह बॉन्ड कितनी धनराशि का था। दरअसल, इस बाबत बैंक की तरफ से पेश सीनियर वकील हरीश साल्वे की दलील थी कि बैंक ने गोपनीयता के चलते प्रत्येक बॉन्ड के बारे में मैचिंग डाटा नहीं रखा था, फलतः इसके मिलान के लिये तीस जून तक वक्त लग सकता है। वजह है कि दान देने व लेने वाले के डेटा अलग-अलग सर्वर पर रखे गए हैं। कोर्ट ने दो टूक कहा कि बैंक को मिलान करने की जरूरत नहीं है, सीधी जानकारी दी जाए। हमने सिर्फ दानदाता और बॉन्ड भुनाने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी मांगी थी। दरअसल, पांच सदस्यीय खंड पीठ की अगुवाई करने वाले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने बैंक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कोर्ट को आदेश



शुभम परमार

दिये 26 दिन हो गए हैं, इस समय में डाटा मिलान के लिये बैंक ने क्या काम किया? कोर्ट में आवेदन करने के दौरान छब्बीस दिन के काम का उल्लेख होना चाहिए था। दरअसल, शीर्ष अदालत ने चंदे की गोपनीयता को असंवैधानिक करार दिया था तथा इस बाबत सारी जानकारी पब्लिक डोमेन में लाने की बात कही थी। दरअसल, इस बाबत जानकारी देने के लिये बैंक द्वारा तीस जून तक समय मांगने पर मामले की पैरवी करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल व प्रशांत भूषण ने इसे न्यायालय की अवमानना कहा था। वहीं चुनाव सुधार के लिये सक्रिय एडीआर ने एसबीआई को और अधिक समय देने की मांग करने वाली याचिका के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी। दरअसल, बैंक दलील देता रहा है कि हमें पूरी प्रक्रिया को रिवर्स करने में दिक्कत आ रही है, क्योंकि बैंक को बॉन्ड नंबर पर और बैंकिंग सिस्टम में खरीददारों के नाम न रखने के निर्देश थे। इस बाबत शीर्ष अदालत का कहना था कि बॉन्ड खरीदने वाले को केवाईसी की जानकारी देनी होती थी, अतः बैंक के पास बॉन्ड खरीदने वाले की जानकारी तो होनी चाहिए। दरअसल, विपक्षी दल केंद्र सरकार को निशाने पर लेते हुए बैंक पर राजनीतिक दबाव के आरोप लगाते रहे हैं। यही वजह है कि बैंक चुनाव से पहले जानकारी सार्वजनिक करने से बचता रहा है। फिलहाल, कोर्ट के आदेश केंद्र को असहज करने वाले हैं क्योंकि चुनावी बॉन्ड का सबसे ज्यादा लाभ सत्तारूढ़ दल को ही मिला है। बहरहाल, कोर्ट ने दो टूक शब्दों में बैंक से कहा कि उसे कोर्ट का पहले दिया हुआ आदेश मानना ही होगा। कोर्ट ने इस मामले में अवमानना के अपने अधिकार का प्रयोग न करने की बात दोहरायी। दरअसल, कोर्ट का मानना रहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड को गोपनीय रखना सूचना के अधिकार और अनुच्छेद 19(1)ए का उल्लंघन है। साथ ही चिंता भी जतायी थी कि गोपनीयता से चंदे के बदले में कुछ अन्य लाभ उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल सकता है।

# हैदराबाद में भाजपा ने माधवी लता को उतार कर ओवैसी को उनके गढ़ में बुरी तरह घेर लिया है



हम आपको बता दें कि माधवी लता को हैदराबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाये जाने का कारण यह भी है कि एक तो वह महिला हैं और दूसरा मुस्लिम महिलाओं के बीच उन्होंने काफी काम किया है जिसके चलते वह उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं।

देश भर में घूम-घूमकर मुस्लिम वोटों की राजनीति करने वाले एआईएमआईएम के प्रमुख असदुदीन ओवैसी इस बार खुद अपने गढ़ हैदराबाद में घिर गये हैं क्योंकि भाजपा ने आरएसएस कार्यकर्ता माधवी लता को उनके खिलाफ उतार दिया है। माधवी लता जिस तरह से अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद से ओवैसी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं उससे हैदराबाद के सांसद की राजनीतिक जमीन हिल गयी है। इसीलिए आजकल ओवैसी जिम में पसीना बहा रहे हैं क्योंकि उन्हें इस बार मजबूत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ना है और समय निकाल कर अन्य प्रदेशों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार भी करना है। हम आपको बता दें कि हाल में संपन्न तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जिस तरह एआईएमआईएम को अपने गढ़ हैदराबाद में झटका लगा था उसके चलते लोकसभा चुनाव के लिए ओवैसी काफी सतर्कता बरत रहे हैं।

जहां तक माधवी लता की बात है तो आपको बता दें कि वह आरएसएस कार्यकर्ता, पारंपरिक भारतीय महिला, उद्यमी, अस्पताल प्रशासक और एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नर्तक हैं। हाल के समय तक राजनीतिक क्षेत्रों में उनका नाम कभी चर्चा में नहीं रहा था लेकिन जब भाजपा ने हैदराबाद से उन्हें लोकसभा सीट का उम्मीदवार घोषित किया तो वह रातोंरात सुर्खियों में आ गयीं। 49 वर्षीय कोम्पेला माधवी लता तीन बच्चों की मां हैं। जब उन्हें भाजपा उम्मीदवार बनाया गया तो वह खुद भी आश्चर्यचकित रह गयी थीं क्योंकि उन्होंने अपने लिए कभी कोई पैरवी नहीं की थी। ओजस्वी वक्ता और उस्मानिया विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर माधवी लता कहती हैं कि मेरी उम्मीदवारी से यह बात साबित हो जाती है कि भाजपा लोगों की क्षमताओं और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नजर रखती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका देती है। हम आपको बता दें कि माधवी लता को उम्मीदवार बनाये जाने का कारण यह भी है कि एक तो वह महिला हैं और दूसरा मुस्लिम महिलाओं के बीच उन्होंने काफी काम किया है जिसके चलते वह उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा एक प्रखर वक्ता होना भी उनके पक्ष में गया है क्योंकि ओवैसी जिस तरह अपने भाषणों के जरिये लोगों को अपने पक्ष में करते हैं उसी तरह अपने भाषणों के जरिये उन्हें जवाब देने वाला प्रतिद्वंद्वी उनके खिलाफ चाहिए था। हम आपको बता दें कि एआईएमआईएम ने चार दशकों से हैदराबाद लोकसभा सीट पर कब्जा बनाए रखा है। सलाहुद्दीन ओवैसी ने 1984 से 1999 तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद से उनके बेटे असदुद्दीन हैदरबाद से सांसद हैं। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत गोशामहल को छोड़कर सभी विधानसभा क्षेत्रों पर एआईएमआईएम का कब्जा है। गोशामहल से भाजपा के फायर ब्रांड नेता टी. राजा विधायक हैं।

भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भगवंत राव पवार को अपना उम्मीदवार बनाया था जोकि ओवैसी से भारी अंतर से चुनाव हार गये थे। इस बार हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी तय करने में आरएसएस से जुड़े संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने इस क्षेत्र में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रहीं माधवी लता का नाम सुझाया जिस पर पार्टी में सहमति बन गयी और उनकी उम्मीदवारी की घोषणा हो गयी। खुद माधवी लता भी इस बात को मानती हैं कि उन्हें चुनाव में मुस्लिम महिलाओं का सहयोग मिलेगा। उनका कहना है कि अगर हिंदू-मुस्लिम मुद्दे को देखा गया होता तो भाजपा मुझे उम्मीदवार नहीं बनाती। उनका कहना है कि मैं मुस्लिमों के बीच काम करती हूँ और उन्हें अपना मानती हूँ। माधवी लता का कहना है कि मैं तीन तलाक की विरोधी रही हूँ और हिंदुओं से जुड़े विषयों को लेकर भी सक्रिय रही हूँ। पुराने हैदराबाद शहर के याकूतपुरा की संतोष नगर कॉलोनी में एक निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार में पली-बढ़ी लता माधवी कहती हैं कि वह हमेशा विभिन्न संस्कृतियों के बीच रहीं हैं। माधवी लता ने अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद मीडिया से कहा था कि मुझे 1980 के दशक में हुए सांप्रदायिक दंगों ने डरा दिया था। उन दंगों ने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि लोग किसी की जान लेकर अपनी नफरत क्यों व्यक्त करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वर्षों के अनुभव के बाद मुझे एहसास हुआ कि इसके पीछे आम आदमी नहीं बल्कि एक राजनीतिक खेल है। उनका कहना है कि एक आम आदमी चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम, वह हिंसा नहीं चाहता। उन्होंने ओवैसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं जो कभी भी दोनों समुदायों के बीच शांति नहीं चाहते हैं। माधवी लता का कहना है कि यह लोग लंबे समय से सत्ता में जमे हैं लेकिन इन्होंने अपने समुदाय के लोगों के लिए भी कुछ नहीं किया। मौजूदा सांसद को खुली चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि मैं पुराने शहर की हर गली में प्रचार करूंगी और अगर मुझ पर एक भी पत्थर फेंका गया तो असदुद्दीन ओवैसी जवाबदेह होंगे। माधवी लता का कहना है कि मेरे विरोधियों को चाहिए कि वह मुझे बराबरी का मुकाबला करने की अनुमति दें। उनका कहना है कि हमें धर्म को बीच में नहीं लाना चाहिए और लोगों की भावनाओं के साथ नहीं खेलना चाहिए। उनका कहना है कि मैं चुनाव प्रचार में धर्म की बात नहीं करूँगी। माधवी लता का दावा है कि हैदराबाद में ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां मतदाताओं को धमकाया जा रहा है और पोलिंग एजेंट स्वतंत्र रूप से काम करने से डर रहे हैं। उनका कहना है कि मैं चुनाव आयोग से माँग करूँगी कि पर्याप्त संख्या में बल तैनात किया जाये और मतदान प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीमिंग कराई जाये। उनका कहना है कि वह हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र के 1996 मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए एक विशेष टास्क फोर्स के गठन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क करेंगी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हो गया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। माधवी लता का यह भी कहना है कि मतदाता सूची से 2 लाख से अधिक हिंदू मतदाताओं को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को लगता है कि पुराने हैदराबाद शहर में बहुत सारे मुसलमान हैं इसलिए ओवैसी जीतते रहते हैं लेकिन इस बार यह मिथक टूट जायेगा क्योंकि मुझे सभी समुदायों का समर्थन मिलेगा। माधवी लता का कहना है कि वह चुनाव प्रचार के दौरान सीएए और तीन तलाक के बारे में लोगों की गलतफहमियां भी दूर करेंगी।

# घातक हो सकता है मायावती का अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय



पिछले एक दशक में मायावती के कई भरोसेमंद सिपहसालार दूसरी पार्टियों में शामिल होते चले गए। बीते चुनाव में जीते 10 सांसद भी नई सियासी संभावनाएं तलाश रहे हैं। इसमें अंबेडकर नगर से सांसद रितेश पांडे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने फिर एक बार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मायावती इसके पहले भी कई बार लोकसभा चुनाव के लिए किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल होने से इंकार करती रही हैं। उन्होंने चुनाव के लिए अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की है जिसके कारण उनके इंडिया गठबंधन में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। 2024 के आम चुनाव में राजनीतिक लिहाज से उत्तर प्रदेश जैसे अहम राज्य में हर राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटें हासिल करना चाहता है। इसलिए एनडीए और इंडिया गठबंधन में छोटे-बड़े दल शामिल होकर अपना राजनीतिक कद और हैसियत बढ़ाना चाहते हैं। ऐसे में मायावती का किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनना कई प्रश्न खड़े करता है। प्रश्न यह है कि क्या अकेले चुनाव लड़कर मायावती एनडीए और इंडिया गठबंधन को चुनौती दे पाएंगी? क्या मायावती को भरोसा है कि उनका कोर वोट बैंक पूरी तरह उनका साथ देगा? क्या मायावती को लगता है कि त्रिकोणीय मुकाबले में बसपा हावी रहेगी? क्या मायावती को इस बात का भरोसा है कि इंडिया गठबंधन की बजाय मुस्लिम मतदाता उनके साथ मजबूती से खड़े होंगे? क्या मायावती चुनाव नतीजों के हिसाब से रणनीति का खुलासा करेंगी? क्या मायावती एकला चलो की राह पर हैं या फिर वो जिस तरह से खामोश हैं उसके पीछे कोई बड़ा प्लान है?

बसपा प्रमुख ने पिछले छह-सात महीने में अकेले चुनाव लड़ने की बात कई बार कही है, साथ ही यह भी कहा कि गठबंधन करने से उनको नुकसान होता है। इसमें कोई गलत बात नहीं है कि कोई पार्टी गठबंधन नहीं करे और चुनाव अकेले लड़े। लेकिन पार्टी लड़ते हुए तो दिखाई दे! मायावती की बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और समाजवादी पार्टी दोनों के साथ गठजोड़ कर चुकी है। लेकिन बीते ढाई दशकों से बसपा का भाजपा के बीजेपी के प्रति ज्यादा रुझान देखा गया है। मायावती तीन बार भाजपा के सहयोग से यूपी की मुख्यमंत्री भी बन चुकी हैं। बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिल कर लड़ा था लेकिन सपा की सहायता से शून्य से 10 सीट पर पहुंचने के बाद ही उन्होंने तालमेल समाप्त कर दिया था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बसपा का वोट बैंक भी खिसक रहा है। बसपा सुप्रीमो भले ही कहें कि गठबंधन से उनकी पार्टी को नुकसान होता है लेकिन सच्चाई तो ये है कि पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ बसपा को ही हुआ था।

# डिनर के बाद आपको भी है मिठाई खाने की आदत ? आज से ही छोड़ दें... हो सकती है ये जानलेवा बीमारी



**कुछ लोगों को मीठा खाने की खतरनाक लत होती है. वहीं कुछ ऐसे होते हैं जो डिनर के बाद मिठाई जरूर से खाते हैं. आज हम इसी आदत के बारे में बात करेंगे कि जो लोग रोजाना डिनर के बाद मिठाई खाते हैं उनका इससे शरीर पर क्या असर पड़ता है? इस आर्टिकल के जरिए जानेंगे रात में मिठाई खाने की आदत है उन लोगों के शरीर पर खतरनाक असर डालता है. वह भी किस तरह से आइए जानिए...**

### वजन का बढ़ना

इस आदत का आपके शरीर पर सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव आपके वजन में वृद्धि के माध्यम से पड़ता है. अगर आप रोजाना खाने के बाद मिठाई खाते हैं तो इसका सीधा असर आपके शरीर पर पड़ता है. आपका तेजी से वजन बढ़ना शुरू हो जाएगा. कई मिठाइयां चीनी और फैट भरपूर होती हैं, जिससे कैलोरी की अधिकता हो सकती है. समय के साथ, यह अतिरिक्त ऊर्जा वसा के रूप में जमा हो जाती है, जिससे वजन बढ़ता है. इसके अलावा, शाम के समय शरीर का चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे इन अतिरिक्त कैलोरी को संसाधित करने में यह कम कुशल हो जाता है.

### ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव

मिठाई, जो अक्सर चीनी और रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट से भरी होती है. आपके रक्त शर्करा के स्तर को बेतहाशा बढ़ा देती है. स्पाइक इंसुलिन उत्पादन को सक्रिय करता है, जिससे आपकी कोशिकाओं में चीनी पहुंचाने में मदद मिलती है. हालांकि, इसके बाद होने वाली तीव्र गिरावट से आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं और अधिक चीनी खाने की लालसा कर सकते हैं, जिससे असंतुलन का एक चक्र कायम हो सकता है. यह, समय के साथ, इंसुलिन प्रतिरोध को जन्म दे सकता है, जो टाइप 2 मधुमेह का अग्रदूत हो सकता है.

### पाचन संबंधी परेशानी

गरिष्ठ और शर्करायुक्त मिठाइयां पाचन तंत्र के लिए चुनौतियां पैदा कर सकती हैं. शरीर को इन भारी खाद्य पदार्थों को तोड़ने और संसाधित करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे सूजन, गैस और अपच जैसी समस्याएं हो जाती हैं. यह असुविधा नींद में खलल डाल सकती है, जिससे रात के दौरान शरीर की आराम करने और ठीक होने की क्षमता प्रभावित हो सकती है.

**स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का बढ़ा जोखिम**+-मिठाइयों को रोजाना खाने से विशेष रूप से वे मिठाइयां जिनमें अतिरिक्त शर्करा होती है, स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ते जोखिम से जुड़ी है. लगातार उच्च चीनी वाले आहार को टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और मेटाबोलिक सिंड्रोम के विकास से जोड़ा गया है. इन स्थितियों के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण पर गंभीर दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं.

### मिठाई से दांत खराब होना

मीठी मिठाइयां मौखिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं. शर्करा मुंह में हानिकारक बैक्टीरिया के लिए भोजन स्रोत प्रदान करती है, जिससे एसिड का उत्पादन होता है जो दांतों के इनेमल को नष्ट कर सकता है. इस प्रक्रिया से कैविटी, दांतों में सड़न और अन्य दंत समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। जब मिठाई आहार का दैनिक हिस्सा हो तो लगातार मौखिक देखभाल महत्वपूर्ण हो जाती है.





## स्किपिंग रोप एक्सरसाइज करते समय इन गलतियों से बचना है जरूरी, वरना सेहत को हो सकता है नुकसान

हर व्यक्ति अपनी पसंद के हिसाब से फिटनेस रूटीन फॉलो करता है। किसी को योग करना पसंद होता है तो कोई कार्डियो करता है। लेकिन आपको बता दें कि स्कपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है। जो लगभग हर किसी को पसंद आता है। फिटनेस फ्रीक लोग फिट रहने के लिए तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं। आमतौर पर लोगों को ऐसी फिटनेस रूटीन फॉलो किए जाने की सलाह दी जाती है। जिसे फॉलो करने में खुद को भी मजा आए। हांलाकि हर व्यक्ति अपनी पसंद के हिसाब से फिटनेस रूटीन फॉलो करता है। किसी को योग करना पसंद होता है तो कोई कार्डियो करता है। लेकिन आपको बता दें कि स्कपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है। जो लगभग हर किसी को पसंद आता है। हम सभी लोगों में से कई लोग ऐसे हैं, जो बचपन में रस्सी कूदा करते थे। हांलाकि बचपन का यह खेल फिटनेस का एक हिस्सा है। यह खुद को फिट रखने का एक अच्छा तरीका है। भले ही रस्सी कूदना एक अच्छी एक्सरसाइज है, लेकिन इसे सही तरीके के करना काफी जरूरी होता है। लोग रस्सी कूदने के लिए दौरान काफी छोटी-छोटी गलतियां करते हैं। ऐसे में इन गलतियों को करने से बचना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रस्सी कूदने के दौरान किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

**अधिक हाथ हिलाना**--ज्यादातर लोग रस्सी कूदने के दौरान हाथों को ज्यादा हिलाते हैं। खासतौर पर बिगनर रस्सी कूदने के दौरान अपने हाथों, कोहनी या कंधे को अधिक मूव कर सकते हैं। लेकिन बता दें कि यह अप्रभावी होने के साथ ही थका देने वाला है। इसलिए प्रयास करें कि आइने के सामने खड़े होकर रस्सी कूदें, जिससे आपको अपने शरीर की मूवमेंट को मॉनीटर करने का मौका मिले। इससे आप आसानी से बॉडी मूवमेंट को मॉनिटर कर पाएंगे। रस्सी कूदने के दौरान आपके आर्म्स स्थित होने चाहिए। वहीं कलाइयों से ज्यादा मूवमेंट होनी चाहिए।

**अधिक ऊंचा कूदना**--बहुत से लोग ज्यादा ऊंचा कूदते हैं, अमूमन यह लगती सभी लोग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना बिलकुल भी सही नहीं माना जाता है। क्योंकि जब आप ज्यादा ऊंचा कूदते हैं।

# मॉर्निंग वॉक से घर लौटने के बाद क्या करना चाहिए ? एक्सपर्ट से जानें

बिजी लाइफस्टाइल और खराब खानपान के कारण लोग कम उम्र में ही गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। आज के समय में न तो उठने का एक समय तय होता है और न ही सोने का, ऐसे में खुद को फिट रखना किसी टास्क से कम नहीं होता। अगर आप चाहते हैं कि बीमारियों से बचे रहें और लंबा जीवन जिएं तो आपको सुबह समय से उठने और कम से कम 30 मिनट मॉर्निंग वॉक (द्वश्रह्ठ-द्वठ्ठद्द 2ड्डद्यद्म) और एक्सरसाइज करने की आदत डालनी चाहिए। लेकिन कुछ लोग मॉर्निंग वॉक के बाद कुछ ऐसी गलतियां (ड्ढद्बड्डद्ध ठ्ठश्रद्ग ह्यश स्रश ड्डद्धह्लद्गह्ल द्वश्रह्लद्वठ्ठद्द 2ड्डद्यद्म) कर देते हैं जिनसे उन्हें फायदे के बजाय नुकसान होने लगता है। यहां हम रामहंस चेरिटेबल हॉस्पिटल के आयुर्वेदिक डॉक्टर श्रेय शर्मा से जानेंगे कि सुबह वॉक और एक्सरसाइज के बाद क्या रूटीन फॉलो करना चाहिए।




### मॉर्निंग वॉक करने के बाद क्या करना चाहिए?

मॉर्निंग वॉक के बाद शरीर गर्म हो जाता है। ऐसे में सबसे पहले आप अपने घर आकर शरीर को ठंडा करें। ध्यान रखें कि आपको सीधे एयर कंडीशनर या कूलर के सामने नहीं बैठना है। इससे आपकी तबीयत बिगड़ सकती है। आप कम स्पीड में पंखा चलाकर कुछ देर आराम से बैठें, जिससे आपकी हार्ट बीट नॉर्मल होगी।

मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज से आने के बाद सबसे पहले चेक करें कि आपने कितनी कैलोरी बर्न की है यानी आपको ये देखना होगा कि आपने ज्यादा मेहनत वाला वर्कआउट किया है या सिर्फ वॉक और लाइट योगा किया है। इससे ये पता चलेगा कि आपके शरीर में कितना क्रिएटिनिन प्रोड्यूस हुआ है, अगर आपने वर्कआउट ज्यादा किया है तो आपको सबसे पहले करीब 2 गिलास पानी लेना चाहिए वहीं अगर आपने हल्का वर्कआउट किया है तो आप 1 गिलास पानी लें।

पानी की जगह आप नारियल पानी भी पी सकते हैं, इससे आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा और स्किन भी हेल्दी होगी। विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर नारियल पानी शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है। वॉक से आने के बाद ध्यान रखें कि पानी आप हल्का गुनगुना लें। ऐसा इसलिए, क्योंकि अगर आप वर्कआउट के बाद ठंडा पानी पिएंगे तो मांसपेशियों में जकड़न हो सकती है। हल्का गुनगुना पानी पीने से आपकी मसल्स रिलेक्स हो जाएंगी और आपको अच्छा महसूस होगा।


पानी पीने से 20 से 25 मिनट के बाद आपको फल खाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब मॉर्निंग वॉक और एक्सरसाइज के बाद कैलोरी बर्न होती है तो शरीर को न्यूट्रिशन की जरूरत होती है, जिसका सबसे अच्छा सोर्स फल हैं। ऐसे में आपको मॉर्निंग वॉक से आने के 20 से 25 मिनट के बाद फल खाना चाहिए। आप अगर वॉक के साथ हैवी वर्कआउट भी करते हैं तो फ्रूट्स के अलावा प्रोटीन शेक भी ले सकते हैं। इससे आपके शरीर को एनर्जी के साथ जरूरी विटामिन और मिनरल्स भी मिलेंगे।

अगर आप ने सुबह वॉक और एक्सरसाइज करना शुरू किया है तो कोशिश करें कि आप इसे नियमित करें, क्योंकि रोजाना करने के बाद ही आपको शरीर पर इसका पॉजिटिव असर दिखेगा।

ध्यान रखें कि आप दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें ताकि आपका शरीर हाइड्रेट रहे। इसके साथ ही डाइट में खीरा, ककड़ी जैसी चीजों को जरूर शामिल करें।

# उज्जैन स्टेशन से महाकाल मंदिर तक बनेगा रोप वे

## कैबिनेट बैठक में फैसला, यूनिवर्सिटी कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग के आधार पर पेंशन मंजूर



**भोपाल।** । उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर समेत मध्यप्रदेश के चार प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को रोप वे सुविधा मिलेगी। चित्रकूट का विकास अयोध्या की तर्ज पर करने के लिए चित्रकूट विकास प्राधिकरण बनेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के आधार पर पेंशन दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को इन सभी फैसलों को हरी झंडी दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, तमाम अटकलों के बावजूद राज्य शासन द्वारा कोई भी योजना बंद नहीं की गई है। सभी मंत्री अपने विभाग की समीक्षा करें और समय सीमा में काम कराएं। कामों की समीक्षा में कमी नहीं आनी चाहिए। प्रदेश सरकार की वित्तीय स्थिति बहुत अच्छी है। सीएम डॉ. यादव ने राज्य सरकार के सौ दिन पूरे होने पर सभी मंत्रियों को बधाई भी दी।

**धार्मिक यात्राओं के लिए बनेगा हवाई सर्किट**-कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, प्रदेश में धार्मिक यात्राओं के लिए हवाई सर्किट बन रहा है। प्रारंभिक रूप से इंदौर को केंद्र बनाते हुए उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए हवाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ग्वालियर और जबलपुर के लिए भी यह सेवा आज से ही शुरू हो जाएगी। इसका विस्तार सागर, रीवा, रतलाम समेत अन्य जगहों पर किया जाएगा। जहां-जहां हवाई पट्टी और यात्रियों की उपलब्धता होगी, वहां यह सुविधा मिलेगी।

**SC-ST होस्टल अपग्रेडेशन के लिए मंत्रियों की कमेटी**-प्रदेश में अनुसूचित जाति **(SC)** और अनुसूचित जनजाति (स्त्र) के लिए चलाए जा रहे होस्टल्स में सभी सुविधाएं मुहैया कराने पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए मंत्री विजय शाह की अध्यक्षता में निर्मला भूरिया और दिलीप अहिरवार की कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी स्टडी कर होस्टल अपग्रेडेशन के लिए सुझाव देगी।

**चित्रकूट में बढ़े श्रद्धालु, विकास के लिए बनेगा प्राधिकरण**-विजयवर्गीय ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद चित्रकूट में भी श्रद्धालु बढ़ने लगे हैं। ऐसे में सीएम ने तय किया है कि चित्रकूट के विकास के लिए प्राधिकरण बनेगा। पदों के सृजन के लिए शुरुआत में कलेक्टर को 20



करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस प्राधिकरण के माध्यम से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में काम किए जाएंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते पर चर्चा नहीं की गई।

**राष्ट्रीय विकास कार्यक्रम के तहत बनेंगे चार रोप वे**-मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि उज्जैन में रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर, जबलपुर में एंपायर सेंटर से गुरुद्वारा वाया रामपुर चौक और सिविक सेंटर से बल्देव बाग वाया मालवीय चौक जबकि सागर के रहली में टिकीटोरिया से टिकी ग्राम पंचायत के पास आईटीआई तक रोप वे बनाए जाएंगे। ये काम राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम के तहत बीओटी (बिल्ड, ऑपरेट एंड ट्रांसफर) प्रोसेस से होगा। रोप वे के लिए केंद्र सरकार फंड देगी जबकि यहां तक सड़क बनाकर अन्य सुविधाएं मध्यप्रदेश सरकार मुहैया कराएगी।

**इनके अलावा कैबिनेट बैठक में ये फैसले भी लिए गए**-मुरैना जिले के अंबाह में एक पुल को घड़ियाल परियोजना के कारण 2012 से अनुमति नहीं मिल रही थी। इसके निर्माण कार्य को शुरू करने की परमिशन देकर 157 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। आदिवासी दूरस्थ इलाकों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रति किमी एक करोड़ रुपए का खर्च केंद्र सरकार देगी। इसके अलावा अन्य कामों पर जो राशि खर्च होगी, राज्य सरकार वहन करेगी।

केन बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से 6 लाख 57 हजार 364 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा। छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दमोह, सागर, दतिया और बेतवा बेसिन के विदिशा, शिवपुरी, रायसेन की 44 लाख आबादी को लाभ होगा।

# स्कूल के 24 बच्चों को फूड पॉइजनिंग

## अस्पताल में मची अफरा तफरी, कलेक्टर ने शिक्षक को निलंबित किया





**उज्जैन।** उज्जैन के पास झारड़ा के ग्राम आमडीकटन में प्राथमिक शाला के 24 बच्चो की अचानक तबियत बिगड़ी गई। बच्चो को महीदपुर के स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेजा गया। बताया गया कि सभी बच्चों की हालत मध्यान भोजन में बने कड़ी चावल खाने के बाद से बिगड़ी थी। जिसे वही पर काम करने वाले शिक्षक की पत्नी ने बनाया था। मामले में लापरवाही बरतने को लेकर कलेक्टर नीरज सिंह ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

झारड़ा के अस्पताल में गुरुवार को उस समय अफरा तफरी मच गई जब सरकारी स्कूल प्राथमिक शाला के एक के बाद एक 24 बच्चो ने घबराहट और पेट में दर्द होने की शिकायत की और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। फूड पॉइजनिंग की शिकायत पर डाक्टरों ने दो दर्जन से अधिक बच्चो का इलाज शुरू किया इस दौरान वहां भीड़ लग गई। अस्पताल में ग्रामीणों के साथ साथ अभिभावक भी पहुंच गए।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते 2 साल से शिकायत कर रहे पर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। बीमार बच्चो के देखने भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा हैं। सुबह का खाना दोपहर में देते है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि स्कूल के शिक्षक जुवान सिंह गरसिया के घर खाना बना था जो अब फरार है। शिक्षक की पत्नी मध्यान भोजन बनाने का काम करती है। बच्चो का कहना है कि मध्यान भोजन में कड़ी चावल दिया गया था जिसमें बदबू आ रही थी। सभी ने वही खाया जिसके बाद सब की तबियत ख़राब हो गई। सभी बच्चो का उपचार महीदपुर स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

**सफ़ेद शर्ट में खड़ा आरोपी शिक्षक चश्मा लगाए हुए-** स्वास्थ्य केंद्र के डॉ अरुण कुशवाह ने कहा कि जांच के बाद ही कुछ कह पाएंगे फूड प्वाइजनिंग लग रहा है। कुल 24 बच्चे पेट दर्द और जलन की शिकायत लेकर पहुंचे थे। बच्चे अब स्टेबल है कोई चिंता वाली बात नहीं है।

### बेहतर ड्यूटी कर विभाग का नाम गौरवान्वित किया

# होमगार्ड के सेवा निवृत्त जवानों की विदाई कार्यक्रम सम्पन्न

**उज्जैन।** होमगार्ड लाइन में पिछले तीन माह में सेवा निवृत्त हुए 11 जवानों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया जाकर विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला होमगार्ड सैनानी श्री संतोष कुमार जाट ने कहा कि सभी सेवा निवृत्त जवानों द्वारा अपनी सेवाकाल के दौरान अनुशासन में रहकर बेहतर ड्यूटी कर विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। चाहे उनके द्वारा उनकी सेवाकाल अवधि के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य जैसे पुलिस थाना, वारंट तामीली, डीआरसी, बंगला, गार्ड ड्यूटी एवं बाढ़ आपदा सम्बन्धी आदि ड्यूटियां पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा से के साथ सम्पादित की गई है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रूबी यादव प्लाटून कमांडर द्वारा किया गया। सेवा निवृत्त जवानों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री संतोष कुमार जाट ने बताया कि विदाई समारोह कार्यक्रम में सेवा निवृत्त हुए जवानों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर ड्यूटी के दौरान रामघाट पर पांच व्यक्तियों को डूबने से जीवित बचाने वाले होमगार्ड के जवान श्री राहुल भाटी, श्री प्रकाश को मेडल पहनाकर सम्मानित कर उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई। कार्यक्रम में प्लाटून कमांडर श्री दिलीप बामनिया, श्रीमती शीला चौधरी, श्री पुष्पेंद्र त्यागी, सुश्री हेमलता पाटीदार, सुश्री गायत्री वर्मा, श्री बीएल सारेल व संभागीय कार्यालय के श्री बीके बेंडवाल सहित होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ का स्टाफ उपस्थित था।



# मंडी में स्वच्छता ना होने पर हम्मलों ने प्रदर्शन किया और सफाई करने की मांग की



**उज्जैन।** कृषि उपज मंडी में स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ती हुई नजर आ रही है जहां करोड़ों रुपए खर्च करने के लिए किसानों और मजदूरों के लिए सेट बनाए गए हैं वहां पर गंदगी होने के कारण करोड़ों रुपए व्यर्थ होते नजर आ रहे हैं। हम्माल इस्तियाक खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि उपज मंडी में इन दिनों गंदगी का भरमार पड़ा है। मंडी के अधिकारियों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण किसान और मंडी में काम करने वाले हम्माल लोगो को परेशान का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी के कारण हम्माल बैठकर भजन भी नहीं कर पता है। केंद्र और प्रदेश सरकार स्वच्छता अभियान के नाम पर कई तरह की योजना चला रही है लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारी उसका पालन नहीं कर पा रहे हैं। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी मंडी प्रांगण में लोगों को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। कृषि उपज मंडी में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद टीन सेड बनाए गए हैं लेकिन वहां पर गंदगी इतनी है ना तो हम्माल वहां पर बैठ पा रहे हैं और ना ही किसान अपनी उपज बेचने के लिए ट्राली लगा पा रहे हैं। हम्मालो ने मंडी प्रशासन से इस और ध्यान देने की बात कही है और जल्दी स्वच्छता नहीं किया गया तो मंडी के हम्माल द्वारा प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा।



# अनन्या पांडे

## ने सुहाना खान और उनके रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को दी नसीहत, क्या मानेंगी SRK की लाडली



धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर-2 से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनन्या पांडे आज इंडस्ट्री का जाना-माना नाम बन चुकी हैं। कुछ सालों पहले अनन्या पांडे को उनकी एक्टिंग और बोलचाल के स्टाइल के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता था, लेकिन अब समय के साथ उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल्स में काफी इम्प्रूव किया।अपनी लास्ट रिलीज फिल्म खो गए हम कहां के लिए उन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। अनन्या इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ आदित्य रॉय कपूर संग अपने रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं।हाल ही में अनन्या पांडे ने नेहा धूपिया के शो में अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले, लेकिन साथ ही उन्होंने शाह रुख खान की लाडली सुहाना खान और उनके रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को एक बड़ी सलाह दी।

**अनन्या ने सुहाना खान को दी ऐसी नसीहत**

नेहा धूपिया हर साल की तरह एक बार फिर से अपने चैट शो नो फिल्टर नेहा के साथ लौट आई हैं। उनके इस शो पर खास मेहमान बनीं गहराइयां एक्ट्रेस अनन्या पांडे। इस दौरान नेहा से बातचीत करते हुए अनन्या ने बताया कि उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान और शनाया कपूर उनकी फैमिली की तरह है।

इस बातचीत में जब नेहा ने उनसे अपने दोस्तों को सलाह देने के लिए कहा, तो अनन्या ने सबसे पहले शाह रुख खान की लाडली सुहाना खान को एडवाइज दी। उन्होंने सुहाना को सलाह देते हुए कहा कि हर चीज को अपने दिल पर लगाने की जरूरत नहीं है।

**अगस्त्य नंदा से भी दिल की बात कहने से पीछे नहीं रहीं अनन्या**

अनन्या पांडे ने शनाया को तो नहीं, लेकिन अमिताभ बच्चन के नाती और कथित तौर पर सुहाना खान के ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को सलाह दे दी। उन्होंने द आर्चीज एक्टर अगस्त्य नंदा को सलाह देते हुए उन्हें अपना दिल काबू में रखने को कहा, क्योंकि हर कोई उनका बेस्ट फ्रेंड नहीं है।आपको बता दें कि अगस्त्य नंदा और सुहाना खान ने जोया अख्तर की नेटफ्लिक्स फिल्म %द आर्चीज% से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इस दौरान ही दोनों के डेटिंग की खबरें सामने आई थीं।

# उर्मिला मातोंडकर

## पर सफाई देने के चक्कर में Sunny Leone के लिए क्या बोल गईं Kangana Ranaut



फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब बॉलीवुड क्वीन कंगना रनोट राजनीति में अपनी नई पारी खेलने जा रही हैं। साल 2024 में वह बीजेपी की टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने वाली हैं। हालांकि, इस बीच ही फैशन एक्ट्रेस को कई आलोचनाएं भी झेलनी पड़ रही हैं।जैसे ही कंगना ने पॉलिटिक्स में शामिल होने की जानकारी फैंस के साथ शेयर की थी, वैसे ही उनका उर्मिला मातोंडकर को लेकर दिया गया पुराना बयान वायरल हो गया था।एक्स अकाउंट पर भी उर्मिला ट्रेंड हो गयी थीं। अब हाल ही में कंगना रनोट ने उर्मिला मातोंडकर को सॉफ्ट पॉर्न स्टार कहने पर अपनी सफाई पेश की है। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बारे में बातचीत करते हुए सनी लियोनी का नाम भी बीच में घसीटा है।

**कंगना रनोट ने उर्मिला मातोंडकर को सॉफ्ट पॉर्न स्टार कहने पर दी सफाई**

कंगना रनोट हाल ही में टाइम्स नाउ समिट 2024 का हिस्सा बनी थीं। इस दौरान उन्होंने 90 के दशक की एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर को लेकर दिए गए सॉफ्ट पॉर्न स्टार बयान पर एक बार फिर से ऐसी बात कही, जो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया।

**कंगना रनोट ने घसीटा सनी लियोनी का नाम**

कंगना ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, आप मुझे बताइये, क्या सॉफ्ट पॉर्न या पॉर्न स्टार कोई आपत्तिजनक टर्म्स है? नहीं, ये कोई आपत्तिजनक शब्द नहीं है, ये बस एक ऐसा शब्द है, जिसे लोगों सामाजिक तौर पर स्वीकार नहीं करते।पॉर्न स्टार्स को इंडिया में कितनी इज्जत मिलती है, ये आप सनी लियोनी से पूछ सकते हैं,उतनी इज्जत पूरे वर्ल्ड में किसी को नहीं मिल सकती है। आपको बता दें कि साल 2020 में जब कंगना रनोट ने जया बच्चन को लेकर टिप्पणी की थी, तो उर्मिला मातोंडकर उन पर बुरी तरह से बरस पड़ी थी।



## रणबीर कपूर की 'रामायण' को बड़ा झटका! बजट के चलते प्रोड्यूसर ने ही छोड़ दी पिक्चर?



रणबीर कपूर के लिए बीता साल जबरदस्त रहा. एक पिक्चर आई, वो भी साल के आखिरी महीने में. लेकिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब भौकाल काटा. तब से लेकर हर कोई उनकी अगली पिक्चर का इंतजार कर रहा है. हालांकि, खाते में उनकी एक-दो नहीं कई फिल्में हैं. जिसमें सबसे पहली नितेश तिवारी की 'रामायण' है. इसके अलावा, भंसाली की 'लव एंड वॉर' और संदीप रेड्डी वांगा की 'एनिमल पार्क' तो फाइनल हैं. इन दिनों रणबीर कपूर 'रामायण' की तैयारियों में जुटे हैं. जिसे लेकर पता लगा है कि, ये तीन पार्ट में आएगी. हालांकि, फिल्म को लेकर कई बड़े-बड़े अपडेट्स सामने आ रहे हैं. जहां एक दिन पहले कास्ट फाइनल होने की खबरें आ रही थीं. तो वहीं जो अब पता लगा है उससे फैन्स निराश हो गए हैं.नितेश तिवारी की 'रामायण' इन दिनों चर्चा में है. वजह है फिल्म में नई-नई एंट्री होने की खबरें. लेकिन फिल्म बनने से पहले ही काफी विवादों में घिरती जा रही है. हर बार कोई नया कारण सामने आ जाता है. ऐसा कहा जा रहा है कि, बजट के चक्कर में प्रोड्यूसर मधु मंटेना ने फिल्म ही छोड़ दी है.

**क्या प्रोड्यूसर ने फिल्म से खींच लिया हाथ ?**

रणबीर कपूर जोरों-शोरों से 'रामायण' की तैयारियां कर रहे हैं. बीते कुछ दिनों से उनकी कई तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं. एक में वो जिम में हेडस्टैंड करते दिख रहे हैं. जबकि दूसरी तस्वीर में तिरंदाजी कोच के साथ नजर आ रहे थे. कुछ वक्त पहले पता लगा था कि, फिल्म की शूटिंग अब इस साल शुरू नहीं होगी. अंदरूनी कलह के चलते इसे फिलहाल आगे खिसका दिया है. यानी पहले मेकर्स सबकुछ सुलझाना चाहते हैं, उसके बाद ही फिल्म को शुरू करेंगे. ऐसा भी कहा गया था कि, फिल्म में रणबीर कपूर और साई पल्लवी के अलावा फिल्म में कोई भी कास्ट फाइनल नहीं हुआ है. हालांकि, इसी बीच कोई मोई डॉट कॉम की एक रिपोर्ट सामने आई है. इसके मुताबिक, मुध मंटेना इस फिल्म पर इतना पैसा लगाने के फेवर में नहीं है.

## 'ये रिश्ता...' एक्ट्रेस ने कही मेंटल हेल्थ पर असर पड़ने की बात, बोली: हर दिन लगने वाले इल्जामों से तंग आ गई हूं



प्रतीक्षा होनमुखे और शहजादा धामी के टर्मिनेशन के बाद स्टार प्लस का टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फिर एक बार सुर्खियों में आ गया है. राजन शाही के इस पॉपुलर ड्रामा में शहजादा अरमान की भूमिका निभा रहे थे तो प्रतीक्षा इस सीरियल में रूही के किरदार में नजर आ रही थीं. कुछ हफ्ते पहले दोनों को शो से बाहर करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी किया था. स्टेटमेंट में लिखा था कि सेट पर बढ़ती बदतमीजियों के कारण इन दोनों को शो से बाहर किया जा रहा है. लेकिन इस पूरे मामले को लेकर प्रतीक्षा और शहजादा की तरफ से किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं की गई थी. भले ही प्रतीक्षा होनमुखे और शहजादा धामी की तरफ से इस पूरे मामले को लेकर अपना पक्ष रखने की कोशिश नहीं की गई हो, लेकिन हर दिन इस शो से जुड़े एक्टर इन दोनों के खिलाफ इंटरव्यू दे रहे हैं. इन इंटरव्यूज में बार-बार ये बताने की कोशिश की जा रही है कि शहजादा और प्रतीक्षा कितने गलत थे. हर दिन शुरू होने वाली इस नए मीडिया ट्रायल से तंग आकर हाल ही में प्रतीक्षा होनमुखे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लंबी पोस्ट शेयर की थी, लेकिन इस पोस्ट को शेयर करने के तुरंत बाद उन्होंने ये पोस्ट डिलीट भी कर डाली.

**तुरंत डिलीट की पोस्ट**

अपनी पोस्ट में प्रतीक्षा होनमुखे ने लिखा था कि उनके लिए 'रूही' का किरदार बहुत स्पेशल था, क्योंकि वो उनका टीवी डेब्यू था. वो शूटिंग बहुत ज्यादा मिस कर रहीं हैं. लेकिन इस सफर के दौरान उन्हें कई अच्छे और बुरे लोग मिले. प्रतीक्षा ने आगे लिखा था कि इस सफर में मुझे पता चला है कि लोगों के लिए आपको जज करना या आप पर टिप्पणी करना बहुत आसान है, क्योंकि आप एक सेलिब्रिटी हैं.

वे आपको जज करने से पहले एक बार भी नहीं सोचेंगे कि हम भी इंसान हैं. परिणाम के बारे में सोचे बिना लोग आपके बारे में घटिया बाते कह देते हैं. इस अनुभव से बहुत कुछ सीखने को मिला है. लेकिन यहां लोग ये भूल रहे हैं कि उनकी इन हरकतों की वजह से किसी की मेंटल हेल्थ पर कितना बुरा असर हो सकता है. हालांकि ये पोस्ट प्रतीक्षा ने तुरंत डिलीट कर दी.





# पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी व कर्मियों को ग्वालियर पुलिस ने दी विदाई





ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री निरंजन शर्मा द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को विदाई दी गई। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री अशोक सिंह जादौन, रक्षित निरीक्षक ग्वालियर श्री रणजीत सिंह सिकरवार पुलिस लाईन ग्वालियर, सूबेदार अनुपम भदौरिया, सूबेदार अभिषेक रधुवंशी, मुख्य लिपिक आर.डी.सुलैया, सउनि0(एम) अभिषेक पाराशर सहित कार्यालयीन स्टाफ एवं सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी व उनके परिजन उपस्थित रहे।

आज पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे 06 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एडिशनल एसपी ग्वालियर द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गई। एडिशनल एसपी ग्वालियर ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से नौकरी के दौरान उनके अनुभवों को भी साझा किया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी ग्वालियर ने सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों से उनके भविष्य के कार्यकलापों के बारे में जाना तथा उनको सेवानिवृत्त उपरांत स्वयं को सामाजिक कार्यों में व्यस्त करने की सलाह दी जिससे अभी तक रही व्यस्तता की दिनचर्या से बाहर निकलने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के समापन पर एडिशनल एसपी ग्वालियर ने आज सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व श्रीफल भेंट कर उनके बेहतर स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की। एडिशनल एसपी ग्वालियर द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से उनकी सेवाकाल के दौरान किये गये कार्यों की जानकारी ली गई। सेवानिवृत होने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारिगण इस प्रकार है- उनि0 सिमोन खिस, सउनि0 भंवर सिंह तोमर, सउनि0 रामलोचन मिश्रा, सउनि0 रामेश्वर दोहरे, प्र.आर0 श्यामा देवी, प्र.आर0 दामोदर त्यागी।

## अग्नि दुर्घटना में घायल होने से मृत पति-पत्नी की अंत्येष्टि के लिए जिला प्रशासन ने दी 10-10 हजार की तात्कालिक सहायता

### एम्बुलेंस से दोनों शव भिंड जिले में स्थित ग्रह ग्राम मडैयन भिजवाए

ग्वालियर। बीते रोज शहर के महलगांव क्षेत्र में स्थित सिंधिया नगर में गैस सिलेंडर फटने की दुःखद दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए अवधेश का जेएएच की बर्न यूनिट में इलाज के दौरान आज निधन हो गया। इस घटना में आग से झुलसी अवधेश की धर्मपत्नी रामबेटी की मृत्यु शनिवार को हो गई थी। इस दुःखद दुर्घटना में घायल हुए तीन बच्चों का उपचार जेएएच की बर्न यूनिट में चल रहा है। शनिवार को इस दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन एवं पुलिस ने स्थानीय निवासियों के सहयोग से घायलों को जेएएच की बर्न यूनिट में भर्ती कराया था। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को जेएएच पहुँचकर घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए थे। चिकित्सकों द्वारा भरसक प्रयत्न किए जाने के बावजूद गंभीर रूप से आग में झुलस चुके पति-पत्नी को बचाया नहीं जा सका। जिला प्रशासन ग्वालियर ने मृतक पति-पत्नी की अंत्येष्टि के लिए तात्कालिक रूप से रेडक्रॉस से 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मुहैया कराई है। साथ ही दोनों की पार्थिव देह को उनके ग्रह ग्राम तक पहुंचाने की व्यवस्था भी कराई। एसडीएम झांसी रोड श्री विनोद सिंह ने बताया कि एम्बुलेंस के जरिए पति-पत्नी के शवों को भिंड जिले में स्थित उनके ग्रह ग्राम मडैयन भिजवाया गया है।

### लोकसभा निर्वाचन-2024

## शस्त्र जमा करने की तिथि बड़ी, अब 5 अप्रैल तक जमा किए जा सकेंगे शस्त्र

### जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान द्वारा आदेश जारी

ग्वालियर। जिले में शस्त्र जमा करने की तिथि बढ़ा दी गई है। ऐसे शस्त्र लायसेंसधारी जो अभी तक पुलिस थानों में अपने शस्त्र जमा नहीं कर पाए हैं, वे अब 5 अप्रैल 2024 तक संबंधित पुलिस थाने में अपने शस्त्र जमा कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले में लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से इस आशय का आदेश जारी किया है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को इस आदेश का पालन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रतिदिन जमा होने वाले शस्त्रों की जानकारी निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजने के लिये कहा है। ज्ञात हो लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान द्वारा जिले के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित कर जिले में अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही 31 मार्च तक निकटतम पुलिस थाने अथवा पुलिस लाइन में शस्त्र जमा करने के आदेश दिए गए थे। इस तिथि को बढ़ाकर अब 5 अप्रैल कर दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किए गए नए आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 एवं आयुध अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध होगा। नए आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शस्त्र जमा करने से छूट संबंधी आवेदन पत्र 31 मार्च 2024 तक ही मान्य किए गए हैं।

## स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के अनुसार शस्त्र जमा न करने की छूट वाले आवेदकों की सूची जारी

### कलेक्ट्रेट के सूचना पटल पर देखी जा सकती है सूची

ग्वालियर। शस्त्र जमा न करने की छूट के संबंध में जिन लोगों ने जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा किए थे, स्क्रीनिंग समिति द्वारा गत 30 मार्च को हुई बैठक में इन सभी आवेदनों की प्रकरणवार समीक्षा की गई। स्क्रीनिंग समिति के निर्णय के अनुसार जिन लोगों को शस्त्र जमा न करने की छूट दी गई है वह सूची जारी कर दी गई है। साथ ही जिनके आवेदनों को अमान्य किया गया है वह सूची भी जारी कर दी गई है। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह ने बताया कि दोनों प्रकार की सूची कलेक्ट्रेट के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। साथ ही संबंधित पुलिस थानों व आवेदकों को भी सूचित कर दिया गया है।

## एक अप्रैल से नई रिजीम लागू, पुराने भुगतान चुकता करें अन्यथा अदा करना पड़ेगा टैक्स

ग्वालियर। नया वित्त वर्ष 2024-25 एक अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, जिसको लेकर आंशिक बदलाव होंगे। व्यापारियों को कुछ बातों को लेकर सावधानी रखना जरूरी है। साथ ही इन बदलावों की जानकारी आमजन को भी होना जरूरी है। आयकर की दरों में भले ही कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है, लेकिन नई रिजीम लागू हो जाएगी। चार्टर्ड अकाउंटेंट नेहा गर्ग का कहना है कि आयकर रिटर्न भरने से पहले सावधानी रखनी जरूरी है, अन्यथा नई रिजीम में ही रिटर्न भरा हुआ माना जाएगा।

## नगर निगम में अब बायोमेट्रिक से हाजिरी पांच हजार कर्मचारियों के लेंगे थंब इंप्रेशन

ग्वालियर । सफाई से लेकर क्षेत्रीय कार्यालयों तक में पदस्थ कर्मचारियों के मनमाने रवैये और बिना बताए काम से अनुपस्थित रहने के कई मामले



सामने आने के बाद नगर निगम में एक बार फिर से बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था लागू होने जा रही है। इस व्यवस्था के तहत निगम में पदस्थ नियमित, विनियमित और आउटसोर्स कर्मचारियों को अब थंब इंप्रेशन के जरिए हाजिरी लगानी होगी। इसके लिए निगम में बायोमेट्रिक मशीनों की टेस्टिंग का काम शुरू किया गया है। इन मशीनों की टेस्टिंग होने के बाद इन्हें निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और जनमित्र केंद्रों पर लगा दिया जाएगा। इसके अलावा निगम के अन्य कार्यालयों जैसे चिड़ियाघर, फायर ब्रिगेड और बाल भवन में भी ये मशीनें लगाई जाएंगी। इन मशीनों के जरिये ही कर्मचारियों को हाजिरी लगानी होगी।

## घरेलू गैस का दुरुपयोग रोकने के लिये विशेष मुहिम जारी

### शहर में छापामार कार्रवाई कर 11 गैस सिलेण्डर व रिफिलिंग यंत्र जब्त, दुकान संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

**ग्वालियर।** जिले में रसोई गैस के दुरुपयोग और अवैध गैस रिफिलिंग को रोकने के लिये विशेष मुहिम जारी है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस मुहिम के तहत व्यापक स्तर पर छापामार कार्रवाई करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। इस कड़ी में खाद्य विभाग की टीम ने रविवार को शहर में विभिन्न दुकानों पर छापामार कार्रवाई कर घरेलू गैस के 11 सिलेण्डर, 2 गैस रिफिलर, एक रेग्यूलेटर व एक नोजल जब्त किया है। खाद्य



विभाग की टीम द्वारा रविवार को गोला का मंदिर स्थित एक गैस रिफिलिंग सेंटर पर छापामार कार्रवाई कर बारीकी से जाँच की। अमर सिंह चौहान द्वारा संचालित इस दुकान से रसोई गैस के 9 सिलेण्डर, 2 रिफिलर, एक रेग्यूलेटर व एक नोजल जब्त किया। इसी तरह जोधपुर वाला रेस्टोरेंट से खाद्य विभाग की टीम ने घरेलू गैस के 2 सिलेण्डर जब्त किए। दोनों दुकान संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# ललित निबंध में जीवन के सर्वोत्तम की अभिव्यक्ति होती हैः सुरेश सम्राट

**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा दौलतगंज लश्कर ग्वालियर के तत्वावधान में गत दिवस मासिक पाठक मंच कार्यक्रम में हिन्दी साहित्य की चिरपरिचित विद्वान, भारतीय दर्शन की

## पाठक मंच में हुई आखर आखर मोरपंख की समीक्षा

गम्भीर अध्येता, समसामयिक विषयों की प्रखर वक्ता एवं रामचरितमानस मर्मज्ञ डॉ. राजरानी शर्मा जी की पुस्तक आखर-आखर मोरपंख की समीक्षा प्रस्तुत की गई। डॉ. शर्मा के ललित निबंधों की इस पुस्तक पर गोरखी उच्चतर विद्यालय की उच्च शिक्षक पुष्पा शर्मा जी एवं मेधावी लेखनी की धनी युवा रचनाकार तथा कमला राजा कन्या महाविद्यालय की छात्रा जान्हवी नाईक ने समीक्षा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुरेश सम्राट जी ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में जीवाजी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. कल्पना शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेष व्यक्तित्व के रूप में पुस्तक लेखक डॉ.




राजरानी शर्मा भी सम्मिलित हुई। समीक्षक पुष्पा शर्मा ने÷ आखर आखर मोर पंख पुस्तक के कथ्य एवं शैली की दृष्टि से आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी जी तथा विद्यानिवास मिश्र जी परंपरा की सशक्त कड़ी के रूप में रेखंकित करते हुये कहा कि इस पुस्तक को पाठक समूह को अपने साहित्यिक बोध को और परिष्कृत करने के लिये और रूप, रस, गंध, स्पर्श तथा दृश्य जैसे बिंबों की सहज अनुभूति करने के लिये अवश्य पढ़ना चाहिये। पुस्तक का आखर आखर सतरंगी छवि के कारण कृष्ण मुकुट मोर पंख जैसा लालित्य लिये हुये है। पुस्तक पर दूसरी समीक्षक जान्हवी नाईक ने अपनी बात रखते हुये श्रोताओं को बताया कि भारतीय संस्कृति की समन्वय भावना का खुला और वृहद परिसर आखर-आखर मोरपंख में मिलता है।

उन्होंने पुस्तक के श्रेय और प्रेय,कनक धारा स्तोत्र,आखर आखर मोरपंख इत्यादि निबन्धों की गम्भीर एवं विस्तृत विवेचना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ कल्पना शर्मा ने पुस्तक को भाषा सौंदर्य की दृष्टि से नई पीढी के लिये एक वरदान के रूप में व्यक्त किया। उन्होंने पुस्तक के सुगंध शीर्षक निबंध में निहित अनेकार्थ पर प्रकाश डालते हुये बताया कि इस एक निबंध के माध्यम से लेखिका ने भारतीय जनजीवन के विविध पक्षों में समाहित सुगंध का विशद चित्रण किया है। पाठक मंच के माध्यम से इस प्रकार की पुस्तकों की समीक्षा किया जाना सचमुच सराहनीय है, क्योंकि इस प्रकार के लेखन के श्रवण से साधरण व्यक्ति की भी अनुभूति,अभिव्यक्ति और तार्किक चिंतन की क्षमता विकसित होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.सुरेश सम्राट जी ने ललित निबन्धों की सुदीर्घ परम्परा में आखर-आखर मोरपंख पुस्तक का अद्वितीय योगदान स्वीकार करते हुये कहा कि-ललित निबंध के लिये सर्वोत्तम भाषा,सर्वोत्तम भाव,साहित्यकार का धर्म जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को ये पुस्तक पूरी तरह से निभाने में सफल हुई है। एक लेखक ने अपनी जन्मभूमि के प्रति अपने ऋण को बहुत लालित्यपूर्ण शैली में चुकाया है। पुस्तक की लेखिका डॉ राजरानी




शर्मा जी ने भाषागत गरिमा को उत्कृष्ट लेखन के लिये अनिवार्य बताते हुये कहा कि- यदि लेखक यदि शब्दावली से बचेगा तो भावों के सहज प्रवाह में अवरोध पैदा होगा जो एक साहित्य साधक के लिये हितकारी नहीं होता। साहित्य वास्तव में मानव मन की व्याधियों की रामबाण औषधि होता है। कार्यक्रम का संयोजन डॉ मंदाकिनी शर्मा ने,कार्यक्रम की प्रस्तावना पुस्तकालय मंत्री डॉ लोकेश तिवारी ने,आभार डॉ वंदना सेन ने एवं संचालन चि. विकास बघेल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की गरिमा ब?ाने हेतु (श्रीमती) सुबोध चतुर्वेदी, डॉ उर्मिला त्रिपाठी,डॉ. अंकित अग्रवाल,सुरेश हिंदुस्तानी, श्रीमती मंजू शर्मा, ऋचा गुप्ता, उपेंद्र कस्तूरे, हिमांशु शर्मा, गोविंद भदौरिया, जीतू सिंह, प्रथम बघेल उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478